




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी, डमी
संपर्क करें — फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट
930144443




## खास-खबर

### माफिया मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत, ढाई साल से था जेल में बंद

**गाजीपुर।** ढाई साल से बांदा जेल में बंद पूरब के माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात हार्टअटैक (कार्डिया अरेस्ट) से मौत हो गई। मुख्तार को मौत से करीब तीन घंटे पहले ही इलाज के लिए मंडलीय कारागार से मेडिकल कॉलेज लाया गया था। जहां नौ डॉक्टरों की टीम उसके इलाज में जुटी थी। रात करीब साढ़े दस प्रशासन ने मुख्तार की मौत की सूचना सार्वजनिक की।

तीन दिनों से बीमार चल रहे जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की तबीयत गुरुवार रात अचानक फिर बिगड़ गई। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ मंडलीय कारागार पहुंचे। करीब 40 मिनट तक अधिकारी जेल के भीतर रहे। इसके बाद मुख्तार को एंबुलेंस से दोबारा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां दो घंटे तक उसका इलाज चला। उसे आईसीयू से सीसीयू में शिफ्ट किया गया। जहां रात साढ़े दस बजे के आसपास उसकी मौत हो गई।डॉक्टरों ने बताया उसे हार्टअटैक आया था।

दो दिन पहले 26 मार्च को मुख्तार ने जेल प्रशासन से पेट में दर्द की शिकायत की थी। इसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने ज्यादा खाने (ओवरईटिंग) व कब्ज का इलाज किया गया और 14 घंटे बाद उसी दिन देर शाम उसे वापस मंडलीय कारागार भेज दिया गया था। मुख्तार अंसारी को अक्टूबर 2005 में मऊ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के दौरान दंगे भड़के और मुख्तार को जेल जाना पड़ा। इसके बाद 29 नवंबर 2005 को भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या हुई और फिर बदलती सरकारों के साथ जेलें भी बदलती रहीं, लेकिन मुख्तार अंसारी बाहर नहीं आ सका।

मुख्तार अंसारी पहली बार मऊ सदर विधानसभा से 1996 में बसपा के टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंचा था। इसके बाद 2002 और 2007 में निर्दल विधायक बना। फिर, कौमी एकता दल के नाम से अपनी नई पार्टी बनाई और 2012 का विधानसभा चुनाव जीता। वर्ष 2017 में मुख्तार अंसारी बसपा से चुनाव जीता। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में वह वाराणसी से बीजेपी के डॉ. मुरली मनोहर जोशी के खिलाफ उम्मीदवार रहा। हालांकि, वह 17 हजार से अधिक वोटों से हार गया था।

### छत्तीसगढ़ में निगरानी दलों ने जब्त किए 25 करोड़ की अवैध संपत्ति

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ में अब तक 25 करोड़ रुपए से ज्यादा ही अवैध संपत्ति जब्त की गई है। इसमें नगदी से लेकर आभूषण व मादक पदार्थ शामिल है। जब्त अवैध संपत्ति में डेढ़ करोड़ से ज्यादा की नशीली सामग्री शामिल हैं।

बता दें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जांच की कार्यवाही लगातार जारी है।

# फैक्टर देखकर मिलती रही है टिकट



■ **महिलाओं को नहीं मिल पाया आनुपातिक प्रतिनिधित्व, इस बार भाजपा से 3 और कांग्रेस से 2 महिलाओं मैदान में**

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** अलग राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ में अब तक कुल 4 लोकसभा चुनाव हुए हैं। इन चुनावों में दोनों ही प्रमुख दलों ने महिलाओं को टिकट सिर्फ फैक्टर और जातीय समीकरणों के आधार पर दिए। आधी आबादी का नेतृत्व करने वाली महिलाओं को आनुपातिक प्रतिनिधित्व भी नहीं मिल पाया। राज्य के रूप में अस्तित्व में आने के बाद छत्तीसगढ़ से भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों ने अब तक 8-8 महिलाओं को टिकट दिए, इनमें भाजपा की 6 महिलाएं संसद पहुंचने में कामयाब रही, वहीं कांग्रेस की महज 1 महिला को ही जीत नसीब हुई। इस बार भी भाजपा ने 3 तो कांग्रेस ने 2 महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा है।

महिला सशक्तिकरण की बात भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ही करती हैं। आधी आबादी को उनका हक देने और दिलाने का वादा भी ये दल करते हैं, लेकिन क्या आपको मालूम है कि इन दोनों पार्टियों ने अब तक कितनी महिलाओं को लोकसभा चुनाव में टिकट दिया। 1 नवंबर साल 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ। गठन के बाद से दोनों ही पार्टियों ने हार और जीत के फैक्टर, जातीय समीकरण के आधार पर ही टिकट महिलाओं को दिए। राज्य गठन के बाद से सभी पार्टियों के आंकड़ों को देखें तो अबतक 70 महिलाओं को पार्टियों ने टिकट दिया है। 70 महिलाओं में से सिर्फ7 महिलाएं अपनी सीट जीतने में कामयाब रही। यूं कहें कि छत्तीसगढ़ से अब तक सिर्फ सात महिला सांसदों ने देश की संसद में छत्तीसगढ़ की आवाज बुलंद की है।

### भाजपा-कांग्रेस से 5 महिलाएं मैदान में

लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने कांग्रेस से ज्यादा महिला उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा की ओर से तीन सीटों पर महिला उम्मीदवारों को टिकट मिला है। बीजेपी ने महासमुंद से रूप कुमारी चौधरी, कोरबा से सरोज पांडेय और जांजगीर-चांपा से कमलेश जांगड़े को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने दो महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है। इनमें कोरबा से ज्योत्सना महंत और सरगुजा से शशि सिंह का नाम शामिल है। वैसे, सबसे ज्यादा महिला उम्मीदवार जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट से जीतीं हैं। राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक हुए चार लोकसभा चुनाव में इस सीट से तीन महिला सांसद चुनी गई हैं। जांजगीर चांपा सीट पर लगातार भाजपा ने जीत हासिल की है। पिछली बार गुमराह अजगले को छोड़ दें तो यहां से करुणा शुक्ला एक बार और कमला पटेल दो बार भाजपा से जीत चुकी हैं।

### पिछली दफा संसद पहुंची 2 महिलाएं

पिछले लोकसभा चुनाव 2019 की बात करें तो भाजपा ने दो सीटों पर महिला उम्मीदवार उतारा था। इसमें सरगुजा और रायगढ़ की लोकसभा सीट शामिल थी। सरगुजा से भाजपा ने रेणुका सिंह को ओर रायगढ़ से गोमती साय को टिकट दिया था। दोनों ने जीत दर्ज की। हालांकि भाजपा की ओर से राज्यसभा के लिए सरोज पाण्डेय के रूप में एक सशक्त महिला को भी भेजा गया। लेकिन निर्वाचित महिला सांसदों के रूप में छत्तीसगढ़ से दो ही महिलाओं ने सदन में यहां का प्रतिनिधित्व किया। हालांकि इस बार इन महिलाओं को रिपीट करने की बजाए नए चेहरों को तवज्जो दी गई। पिछली बार राज्यसभा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाली सरोज पाण्डेय को इस बार भाजपा ने कोरबा संसदीय सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। यहीं से कांग्रेस की ज्योत्सना महंत भी चुनाव लड़ रही हैं। जीते कोई भी, लेकिन एक महिला का संसद में पहुंचना तय है।

### भाजपा का परफारमेंस कांग्रेस से बेहतर

छत्तीसगढ़ में महिला वोटरों की संख्या पुरुष वोटरों की अपेक्षा अधिक है। लगातार सियासी दल महिला वोटरों को साधने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाते रहे हैं और अब भी जुटे हुए हैं। चुनाव में महिलाओं की भागीदारी की बात की जाए तो वह काफी कम नजर आती है। आंकड़ों और जानकारी के मुताबिक, भाजपा-कांग्रेस सहित निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लगभग 70 महिलाओं ने लोकसभा का चुनाव लड़ा। चुनाव में 63 महिला उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। वहीं सात महिलाओं ने जीत हासिल की। पार्टी के हिसाब से बात करें तो बीजेपी की छह महिला प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। कांग्रेस की ओर से एक महिला उम्मीदवार ने जीत हासिल की। कांग्रेस की ओर से सिर्फज्योत्सना महंत ने कोरबा सीट से 2019 में जीत हासिल की। इसके अलावा कांग्रेस ने जितने भी महिला उम्मीदवार उतारे, उन सबकी जमानत जब्त हो गई।

### कांग्रेस ने 2 महिलाओं को उतारा, एक जीती

2019 के लोकसभा चुनाव की चर्चा करें तो कांग्रेस ने पिछले चुनाव में दो महिलाओं को टिकट दिया था। इनमें कोरबा से ज्योत्सना चरणदास महंत और दुर्ग से प्रतिमा चंद्राकर का नाम शामिल था। कोरबा से ज्योत्सना महंत ने जीत हासिल की थी, जबकि दुर्ग से प्रतिमा चंद्राकर बड़े अंतर से पराजित हो गई थी। कोरबा से भाजपा ने ज्योतिनंद दुबे को मैदान में उतारा था, जबकि दुर्ग से भाजपा के प्रत्याशी विजय बघेल थे। बघेल इस बार भी दुर्ग से भाजपा के उम्मीदवार हैं। गौरतलब है कि कोरबा क्षेत्र को महंत परिवार का गढ़ माना जाता रहा है। वहीं कभी कांग्रेस का गढ़ रहे दुर्ग में भाजपा की सेंधमारी के बाद यहां कांग्रेस जीत को तरसती रही है। हालांकि 2014 के चुनाव में यहां से कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू ने जीत हासिल की थी। इस बार भी दुर्ग में जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते साहू समाज से प्रत्याशी उतारा गया है।

# पहले चरण के लिए बस्तर में शुरू हुआ महासंग्राम

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहले चरण में सिर्फ बस्तर का रण होना है। नामांकन दाखिले की मियाद पूरी हो चुकी है। तय है कि बस्तर में कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा महासंग्राम होगा। बीजेपी ने महेश कश्यप पर दांव लगाया है तो कवासी लखमा कांग्रेस के लिए ताल ठोंकने को तैयार हैं। मतलब साफ है कि बस्तर का चुनावी रण इस बार न केवल दिलचस्प रहेगा, बल्कि बहुत कुछ नया भी दिखाएगा, जिसके संकेत राजनैतिक दल दे रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के बस्तर में बीजेपी और कांग्रेस प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। बस्तर का बॉस बनने के लिए कांग्रेस और बीजेपी अब ताल ठोक रहे हैं। कांग्रेस ने दिग्गज नेता और कोंटा से 6 बार के विधायक कवासी लखमा को रण में उतारा है। राहुल गांधी की 5 गारंटियों के साथ कांग्रेस को भरोसा है कि 24 की महाभारत में उसका महारथी बीजेपी को धूल चटाने में कामयाब होगा। पीसीसी चीफ और बस्तर के वर्तमान सांसद दीपक बैज को भरोसा है कि बस्तर की जनका कांग्रेस का साथ देगी। बैज ने कहा कि तमाम वरिष्ठ नेताओं के साथ नामांकन हुआ है। चुनावी आगाज हो गया है। चुनाव मजबूती के साथ लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर से नामांकन दाखिल करने की शुरुआत हुई है। 11 सीटों पर नामांकन दाखिल करने जाएंगे। सभी सीटों पर मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे।

वहीं, राज्य में 5 साल के कमजोर कार्यकाल और भ्रष्टाचार को मुद्दा बना रही बीजेपी ने महेश कश्यप जैसे जमीनी कार्यकर्ता को लोकसभा के रण में उतारा है। बीजेपी को भरोसा है कि मोदी सरकार की गारंटी और विष्णुदेव साय सरकार के काम उसके लिए विनिंग कॉम्बिनेशन का काम करेंगे। धर्मांतरण के मुद्दे को भी बीजेपी लगातार कैश कराने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस को हर मुद्दे पर घेर रही बीजेपी को भरोसा है कि बस्तर सहित प्रदेश की सभी 11 सीटों पर उसको विजय मिलेगी। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष किरणदेव सिंह ने कहा कि पिछले पांच साल से छत्तीसगढ़ में जमकर लूट मची, अत्याचार और भ्रष्टाचार हुआ। एक इंच भी इन्होंने काम नहीं किया। कांग्रेस के कई बड़े नेताओं का अपनी ही पार्टी से विश्वास डगमगाया है और बीजेपी से भरोसा जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय की कार्ययोजना में अपनी मुहर लगाई है।

इधर, गर्मी के साथ लगातार चुनावी तापमान भी बढ़ रहा है। जिसका असर कहीं जुबान फिसलने तो कहीं हाथों से नोट निकलने के रूप में दिख रहा है। इन गलतियों को दोनों तरफ से लपका जा रहा है। बस्तर में बीजेपी विकास के एजेंडे के साथ मैदान में है, तो कांग्रेस मोदी की गारंटी के फेल हो जाने को मुद्दा बना रही है। 19 अप्रैल को मतदाता कवासी लखमा और महेश कश्यप के भाग्य का फैसला कर देंगे। 4 जून को पता चल जाएगा कि अगले 5 साल के लिए बस्तर का बॉस कौन होगा।

सीएम विष्णुदेव साय ने की घोषणा

# महतारी वंदन योजनाः महिलाओं को हर माह 1 तारीख को मिल जाएंगे 1000 रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना को लागू होने के बाद पात्र महिलाओं को इस बात की चिंता है कि उन्हें महीने की किस तारीख का रुपए मिलेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं का यह संशय खत्म कर दिया है। सीएम साय ने घोषणा की है कि अब हर माह की पहली तारीख को महिलाओं के खाते में 1000 रुपए की राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। महिलाओं के एकाउंट में राज्य की बीजेपी सरकार एक तारीख को पैसा ट्रांसफर कर देगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को बालोद जिले के डौंडीलोहारा पहुंचे थे और वहीं उन्होंने इसकी घोषणा की। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी से अनुरोध किया था कि महीने के पहले सप्ताह में ही महिलाओं को राशि का भुगतान हो जाये। सीएम साय ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 1 तारीख को पैसे ट्रांसफर करने की बात कही है।

इससे पहले 10 मार्च को प्रदेश की साय सरकार ने महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना की पहली किस्त एक हजार रुपए ट्रांसफर किए थे। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में हुए कार्यक्रम में पीएम




नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली शामिल होकर बटन दबाकर एक-एक हजार रुपये महिलाओं के खाते में ट्रांसफर किये थे। विधानसभा चुनाव 2023 के समय बीजेपी सरकार ने छत्तीसगढ़ की 70 लाख से ज्यादा माता-बहनों को सालाना 12 हजार यानी हर महीने एक हजार रुपए देने का वायदा किया था। सरकार बनने के साय सरकार इस वादे के तहत हर महीने महिलाओं के खाते में एक हजार रुपए डाल रही है।

# खत्म क्यों नहीं कर देते ईवीएम का झमेला

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

कांग्रेस ने ईवीएम से चुनाव की बजाय बैलट पेपर के इस्तेमाल पर जोर दिया है। कांग्रेस ने इसका एक अजीब सा फार्मूला भी दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि यदि किसी भी सीट पर 384 से ज्यादा उम्मीदवार खड़े होते हैं तो चुनाव आयोग को झख मारकर वहां बैलट पेपर से चुनाव कराना होगा। यदि ईवीएम से 384 प्रत्याशियों के लिए वोटिंग कराना संभव नहीं हुआ तो बैलट पेपर से भी कैसे होगा? इतने नामों के साथ कितने पन्ने का मतपत्र बनाना होगा? उन्हें मोड़ने में कितना वक्त लगेगा? मोड़ा-मोड़ी में गलती हुई तो मतपत्र रिजेक्ट हो जाएगा। दरअसल, यह कोई हल है ही नहीं। ईवीएम जबसे आया है तभी से निशाने पर है। विशेषज्ञों की टिप्पणियां भी इसके खिलाफ आई हैं। इसलिए अब कहीं-कहीं ईवीएम के साथ वीवीपैट मशीन भी लगाई जाती है। अर्थात वोटर वोट डालता है और एक पर्ची भी तत्काल छप कर मशीन में गिर जाती है। अगर किसी मशीन पर उंगली उठाई गई तो इन कागज के पुर्जों की गिनती की जा सकती है। पर इस पूरी व्यवस्था पर ही लोगों का विश्वास हिला हुआ है। दरअसल, जब भी पार्टियों को लगता है कि उनकी जीत निश्चित है और नतीजा उलटा आता है तो इसका दोष किसी न किसी पर तो मढ़ना होता ही है। कार्यकर्ताओं पर पार्टी प्रत्याशी के खिलाफकाम करने के आरोप लगते हैं। बागी नेताओं का पार्टी से निष्कासन हो जाता है। चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं लेने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं की भी झड़ाई-पोंछाई होती है। इसके साथ ही निशाने पर होता है ईवीएम। ईवीएम का उपयोग 1999 के चुनाव में प्रारंभ हुआ। इसपर जमकर आरोप लगे। विभिन्न रिपोर्टों को आधार पर अदालत को फैसला देना पड़ा। इसके बाद 2014 से विवादित स्थानों पर ईवीएम के साथ वीवीपैट मशीन लगाई जाने लगी। अर्थात देश धीरे-धीरे तकनीकी को अपना रहा है। देश की आबादी लगातार बढ़ रही है। मतदाताओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। चुनाव का खर्च भी बढ़ रहा है। ऐसे में इलेक्ट्रानिक्स का उपयोग एकमात्र विकल्प रह जाता है। पर परिवर्तन का यह दौर ईवीएम पर ठहर सा क्यों गया है? तकनीकी और बिग डेटा के इस युग में ईवीएम से चिपके रहना किस तरह की मजबूरी है। बायोमैट्रिक्स के साथ सभी मतदाताओं का डेटा सरकार के पास है। आधार कार्ड पर 12 अंकों का यूनिक आइडेंटिफिकेशन नम्बर भी है। क्या ऐसे पोर्टल नहीं बनाए जा सकते जिसमें आधार नंबर से लॉग इन कर लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। अगर ऐसा हो सका तो कुछ ग्रामीण इलाकों और वनांचलों को छोड़कर शेष स्थानों पर लोग अपने-अपने घर में बैठकर, नौकरी करते हुए भी मतदान कर सकते हैं। आज जितना बड़ा अमला वोटिंग सामग्री तैयार करने, उसका परिवहन करने, चुनाव दलों को ठिकानों तक पहुंचाने और फिर मतपेटियों या ईवीएम की सुरक्षा में लगता है, उससे भी आयोग को निजात मिल जाएगी।




## संपादकीय

# सबक ले पाकिस्तान

> आजकल पाकिस्तान तनाव से गुजर रहा है और इसके लिए वहां पोषित आतंकवाद की जितनी निंदा की जाए, कम होगी। एक आत्मघाती आतंकी ने विस्फोटकों से भरी कार से चीनी इंजीनियरों व श्रमिकों को ले जा रहे वाहन में टक्कर मार दी, जिसमें पांच चीनी नागरिकों सहित एक पाकिस्तानी ड्राइवर की मौत हो गई।

चिंता की बात यह है कि पिछले कुछ हफ्तों में पाकिस्तान में यह तीसरा ऐसा हमला है, जब आतंकियों ने विकास कार्यों को निशाना बनाया है। अब तक नौ चीनी नागरिक आतंकी हमलों में अपनी जान गंवा चुके हैं। यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शांगला जिले में हुई है, जहां पाकिस्तान की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना का काम चल रहा है। चीनी इंजीनियर दासू बांध की ओर ही जा रहे थे, जब उन पर हमला हुआ। इस हमले के बाद चीन ने बड़ी नाराजगी का इजहार किया है, जिससे पाकिस्तान सरकार की चिंता बहुत बढ़ गई है। चिंता का पता इसी से चलता है कि मंत्रियों के अलावा खुद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीनी दूतावास जाकर अधिकारियों को आश्वस्त किया है। अमूमन राजदूतों को प्रधानमंत्री कार्यालय या विदेश मंत्रालय बुलाकर संदेश देने की परंपरा रही है, पर यह विरल मौका है, जब प्रधानमंत्री को खुद दूतावास जाना पड़ा है।

आतंकवाद दोधारी तलवार की तरह है। भारत ने बार-बार चेताया है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पोसने से बाज आए, पर इतने जख्म खाकर भी वह समझने को तैयार नहीं है। आतंकवाद पाकिस्तान ही नहीं, बल्कि चीन के लिए भी व्यवसाय बढ़ाने या खुद को कूटनीतिक रूप से मजबूत करने का एक माध्यम बन गया है। अगर चीन अपने नागरिकों की निर्मम मौतों से कुछ सीखे और पाकिस्तान को आतंकियों के विरुद्ध कदम उठाने को मजबूर करे, तो इससे बेहतर कोई बात नहीं हो सकती। अगर पाकिस्तान सरकार वाकई इस हमले के दोषियों को पकड़ पाती है, तो इसका असर वहां आतंकवाद के नेटवर्क पर जरूर पड़ेगा। अब समय आ गया है कि इस्लामाबाद आतंकवाद को लेकर गंभीर हो जाए, क्योंकि अगर फिर से चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तो पाकिस्तान को हर तरह से नुकसान के लिए तैयार रहना चाहिए।

बीजिंग आज हर तरह से इस्लामाबाद का मददगार बना हुआ है, इसके बावजूद पाकिस्तानी धरती पर सक्रिय आतंकवादी यदि चीन के नागरिकों को ही निशाना बनाते हैं, तो यह पाकिस्तानी सत्ता-प्रतिष्ठान के लिए वाकई चिंता की बात होनी चाहिए। पाकिस्तानी तालिबान ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अपने हमले इधर बढ़ा दिए हैं। पिछले सप्ताह ही, ग्वादर बंदरगाह के बाहर चीनी नागरिकों को ले जा रहे एक काफिले पर गोलीबारी के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के आठ आतंकियों को मार डाला था। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी पाकिस्तान से आजादी चाहती है। पाकिस्तान आजादी की इस पुरानी मांग को खारिज करता रहा है, पर उसे आतंकवाद के खिलाफ ईमानदारी से लड़ना चाहिए। भारत के साथ फिजूल दुश्मनी में पाकिस्तान ने काफी कुछ गंवाया है और अब जब वह आर्थिक रूप से बदहाल हो चुका है, तब उसके लिए विकास पर पूरी तरह से ध्यान देने के अलावा अन्य कोई रास्ता नहीं बचा है। अगर वह विकास की ओर ध्यान नहीं देगा, और उधार, अनुदान में फंसता चला जाएगा, तो उसके प्रधानमंत्री के लिए ऐसे ही दूतावासों में जाकर सफाई देने की दुखद नौबत आती रहेगी।

> आम चुनाव का आगाज हुआ और महिलाओं के खिलाफ बदजुबानी तेज होती दिख रही है। दो-ढाई दशक पहले तक महिलाओं के खिलाफ ऐसे 'सेक्सिस्ट रिमार्क', यानी अशोभनीय टिप्पणियां नजरंदाज कर दी जाती थीं, लेकिन अब महिलाएं खुद इसके खिलाफ मुखर होने लगी हैं। सोशल मीडिया का भी साथ उनको मिलता है। इस लिहाज से देखें, तो यह महिलाओं में बढ़ती जागरूकता का संकेत है कि अब वे अपने खिलाफ किसी अभद्र शब्दावली को चुपचाप स्वीकार नहीं करतीं और बयानवीरों को या तो माफी मांगनी पड़ती है या अपने बयान को नकारना पड़ता है। कंगना रनौत प्रकरण इसका ज्वलंत उदाहरण है।

# सियासी मैदान में महिलाओं की मजबूती

नीरजा चौधरी
वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक

राजनीति ही एकमात्र ऐसी जगह है, जहां महिलाओं को पर्याप्त अहमियत नहीं मिल रही। संसद और विधानसभाओं में उनकी निराशाजनक हिस्सेदारी इसकी तस्दीक करती है। हम 2047 तक विकसित भारत का सपना देख रहे हैं, लेकिन संसद में महिलाओं की मौजूदगी 15 फीसदी भी नहीं है। यह स्थिति तब है, जब महिलाओं ने हरेक क्षेत्र में तमाम बाधाओं को पार पाते हुए अपना मुकाम बनाया है। बेशक, 1993 में पारित संविधान के 73वें और 74वें संशोधन द्वारा क्रमश: पंचायतों व नगर निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण की व्यवस्था की गई, जिसके कारण जमीनी स्तर पर बड़ा बदलाव आया है, लेकिन प्रधान-पति या पंच-पति जैसी संकल्पना आज भी कायम है। दिल्ली से सटे गुरुग्राम के एक गांव में पिछले हफ्ते एक ऐसे ही प्रधान-पति के साथ मेरा वास्ता पड़ा। हालांकि, कई अध्ययन यही बताते हैं कि सामाजिक सुधार की दिशा में महिलाएं पुरुष प्रतिनिधि की तुलना में कहीं बेहतर काम करती हैं।

जाहिर है, राजनीति में एक तरफ महिलाएं खुद को स्थापित कर रही हैं, तो दूसरी तरफ उनका इस्तेमाल भी खूब हो रहा है। नामचीन चेहरों पर ही राजनीतिक पार्टियां चुनावी दांव लगाना पसंद करती हैं। स्थानीय निकायों में भले ही महिला जन-प्रतिनिधियों का एक बड़ा वर्ग तैयार हुआ है, मगर सियासी पार्टियों की नजर में उनका मानो महत्व ही नहीं। आरोप लगाए जाते हैं कि महिलाओं के पास पुरुषों की तुलना में संसाधनों का अभाव होता है और वे जीत की गारंटी भी नहीं होतीं।



यही कारण है कि संसद से पारित 33 फीसदी महिला आरक्षण के जमीन पर उतरने की उम्मीदें अभी कम नजर आती हैं। यदि राजनीतिक दलों की मंशा सही होती, तो इसमें परिसीमन का पेच नहीं जोड़ा जाता। कहा जा रहा है, परिसीमन के बाद दक्षिण में लोकसभा की सीटें कम हो जाएंगी, जबकि उत्तर भारत में बढ़ जाएंगी, क्योंकि यह कवायद जनसंख्या पर आधारित है और दक्षिण के सूबे अपने बेहतर शासन से जनसंख्या वृद्धि को थामने में सफल रहे हैं। वहां परिसीमन को 'दंड' के रूप में देखा जा रहा है। तमिलनाडु की विधानसभा ने तो इसके खिलाफ प्रस्ताव भी पास कर दिया है। स्पष्ट है, अगर परिसीमन का मसला कानूनी दांव-पेच में फंसा, तो 2034 तक भी महिला आरक्षण सच्चाई नहीं बन सकेगा। अगर सियासी दलों की नीयत ठीक होती, तो वे ऐसे प्रावधान के बिना भी महिला प्रत्याशियों पर भरोसा कर सकते हैं। मगर किसी दल ने अब तक ऐसी सदिच्छा नहीं दिखाई है।

आज महिला जन-प्रतिनिधियों को कई मोर्चों पर जूझना पड़ता है। पारिवारिक विरासत के तहत राजनीति में उतरने वाली महिलाओं को यदि दरकिनार कर दें, तो आम महिलाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर की राजनीति तक पहुंचना टेढ़ी खीर से कम नहीं है। सबसे पहले उन्हें राजनीति में आने के लिए अपने परिवार को मनाना पड़ता है, फिर स्थानीय स्तर पर पार्टी को इस बाबत संतुष्ट करना पड़ता है कि चुनाव में उन पर भी भरोसा किया जा सकता है। इसके बाद उनका नाम केंद्रीय नेतृत्व के पास जाता है, जहां की अपनी चुनौतियां होती हैं। यहां पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चर्चा लाजिमी है। बेशक, उनकी सियासत की आप आलोचना कर सकते हैं, लेकिन बिना किसी 'गॉडफादर' के उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है कि आज भाजपा को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ अपना पूरा दम-खम लगाना पड़ रहा है।

आम चुनाव के लिहाज से महाराष्ट्र की बारामती सीट भी काफी अहम है। यहां एनसीपी नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के बीच जंग तय मानी जा रही है। यह पवार परिवार की पारंपरिक सीट है, लेकिन इस बार मुकाबला परिवार के भीतर ही है। एक तरफ शरद पवार की बेटी हैं, तो दूसरी तरफ उनकी बहू। इसका अर्थ है कि यहां की जीत से एनसीपी का भविष्य भी तय होगा। इससे यह भी पता चलेगा कि क्या वहां की राजनीति में शरद पवार अब भी अहम हैं या अजित पवार महाराष्ट्र के उभरते सितारे हैं? वैसे, भाजपा की तरफ से बांसुरी स्वराज को टिकट मिलने से नई दिल्ली सीट पर भी नजर बनी रहेगी। विधानसभा के लिहाज से यह सीट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की है। ऐसे में, बांसुरी यदि यहां से जीतती हैं, तो अपनी मां सुषमा स्वराज की परंपरा को आगे बढ़ाएंगी और उनको भाजपा में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

संकेत साफ है, महिलाओं में बढ़ते राजनीतिक रुझान को देखते हुए सियासी दलों के लिए ज्यादा दिनों तक उनको नजरंदाज करना मुश्किल है। वैसे भी, जिस तरह से कहा जा रहा है कि अगले एक दशक में किसी निर्वाचन क्षेत्र में करीब 55 फीसदी महिलाएं मत डालेंगी, जबकि 45 फीसदी पुरुष, तो उम्मीद यही है कि आने वाले चुनावों में महिला प्रत्याशियों की संख्या बढ़ेगी। महिलाएं किस तरह किसी दल की जीत का आधार बनती हैं, इसका अंदाजा हरियाणा और आंध्र प्रदेश में शराबबंदी को लेकर मुखर महिलाओं को देखकर ही हो गया था। 1990 के दशक में राम मंदिर आंदोलन के समय तो मजाक में यह भी कहा जाता था कि मंदिर आंदोलन की खिलाफ मुखर मुलायम सिंह के परिवार की महिलाओं ने भी भाजपा को वोट दिया है। बिहार में नीतीश कुमार की जीत भी महिलाओं में बढ़ती राजनीतिक जागरूकता का नतीजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भी महिला मतदाताओं का खासा रुझान है। इसीलिए सभी दल बतौर वोट-बैंक महिलाओं को लुभाने लगे हैं। अब जरूरत इस ऊर्जा को नेतृत्व की भूमिका सौंपने की है। इससे हमारा लोकतंत्र क्रांतिकारी बदलाव का गवाह बनेगा।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद

लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है।

इस महीने की शुरुआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं।

जनवरी 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी।

आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। आध्यात्म के एक जिज्ञासू के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिन्न-भिन्न संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे आध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया। स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है।

रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निर्देशों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की। बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे।

स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित था, वो थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका प्रेम, उनका सम्मान। इसका कारण था कि उन्होंने भारत के अलग अलग हिस्सों में लंबा समय गुजारा था और वो लगातार भ्रमण करते थे। उन्होंने गुजरात में रहकर गुजराती बोलना सीखा। यहां तक कि मुझसे भी, वो गुजराती में ही बात करते थे। मुझे उनकी गुजराती बहुत पसंद भी थी।

भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर, हमारी मातृभूमि को स्वामी आत्मास्थानंद जी, स्वामी स्मरणानंद जी जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है जिहोंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है। इन संतों ने हमें एक साथ होकर समाज के हित के लिए काम करने की दीक्षा दी है। ये सिद्धांत अब तक शाश्वत हैं और आने वाले कालखंड में यही विचार विकसित भारत और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे।

मैं एक बार फिर, पूरे देश की ओर से ऐसी संत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे विश्वास है कि रामकृष्ण मिशन से जुड़े सभी लोग उनके दिखाए मार्ग को और प्रशस्त करेंगे।

**ओम शांति।**

**लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं**

## केजरीवाल की ईडी रिमांड से चल रही सरकार

आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी की हिरासत से कोई आदेश देने से रोकने की मांग को लेकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। हाई कोर्ट में दायर याचिका में मांग की गई है कि हिरासत के दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल को टाइपिस्ट, कंप्यूटर, प्रिंटर आदि मुहैया न कराए जाएं।

इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा है कि दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी। इससे पहले केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी के मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं और जांच की सुविधा की कमी को दूर करने के लिए ईडी हिरासत में रहते हुए निर्देश जारी कर चुके थे। इस बाबत जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दी तो इस पर तत्काल तीव्र प्रतिक्रिया हुई। सुरजीत सिंह नाम का एक व्यक्ति तो इसके खिलाफ हाई कोर्ट में जा पहुंचा और याचिका दायर करते हुए मांग की कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को मुख्यमंत्री के रूप में हिरासत में रहते हुए दायित्व निर्वहन से रोका जाए। बहरहाल, यह मसला आपराधिक से ज्यादा राजनीतिक और संवैधानिक संकट का सबब बना दिखलाई पड़ रहा है।

हाई कोर्ट से जो भी फैसला आएगा उसका प्रतिवाद करते हुए संबंधित पक्ष यकीनन सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। इस बीच, तमाम विशेषज्ञ इस मामले में अपनी-अपनी सलाह देने में मशगूल हैं। कुछ कह रहे हैं कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देकर किसी को अपनी जगह नामजद कर सकते हैं। वैसा लालू प्रसाद यादव ने राबड़ी देवी को नामजद करके किया था।

हाल में झारखंड में हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी पार्टी ने किसी अन्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री चुन लिया था। पर लगता नहीं कि केजरीवाल भी कुछ ऐसा ही करने वाले हैं। दरअसल, वे इसे राजनीतिक रूप से गरमा कर माइलेज लेने की कोशिश करेंगे। चुनावी वेला है, सो वे इस तरफ ज्यादा दे रहे हो सकते हैं। बिना इस्तीफा दिए ईडी की रिमांड में रहते हुए मुख्यमंत्री के रूप में कामकाज करना चाहेंगे। हालांकि इसमें व्यावहारिक दिक्कतें तमाम होंगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, केंद्र के पास दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का भी विकल्प रहेगा लेकिन केंद्र इस विकल्प को आजमाने से बचना चाहेगा। पहली बार है जब किसी मुख्यमंत्री ने हिरासत में रहते हुए सरकार चलाने का रास्ता चुना हो।

## रमजान के महीने में भी गाजा में नरसंहार जारी, जरूरी है युद्ध विराम

रमजान के महीने में भी गाजा में नरसंहार जारी है। इस अमानवीय घटनाक्रम से चिंतित होकर अंततः संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 25 मार्च को एक प्रस्ताव पारित करके गाजा में युद्ध विराम रोकने की मांग की है।

प्रस्ताव में सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा के युद्ध क्षेत्र में तत्काल राहत सामग्री भेजने का भी उल्लेख है। सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला किया था, उसके बाद से ही इजराइल बदले की कार्रवाई करते हुए गाजा में हजारों निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार चुका है।

इस छह महीनों के दौरान विश्व मंचों से युद्ध विराम की मांग की गई लेकिन यह पहला अवसर है जब सुरक्षा परिषद युद्ध विराम का प्रस्ताव पारित करने में सफल हो पाई। यह भी इसलिए संभव हो पाया कि अमेरिका मतदान से अनुपस्थित रहा। इससे पहले वह तीन बार युद्ध विराम के प्रस्ताव पर वीटो लगा चुका था।

इजराइल अमेरिका के इस बदलते रुख से स्तब्ध है। उसने अमेरिका पर यह आरोप लगाया है कि उसने अपने सदाबहार मित्र का साथ छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने वार्ता के लिए अपने प्रतिनिधिमंडल को अमेरिका जाने पर रोक लगा दी है। इससे यह संकेत मिलता है कि अमेरिका और इजराइल के संबंधों में मतभेद की दीवार खड़ी हो गई है।

हालांकि अमेरिका ने अपनी सफाई में कहा है कि हमास को लेकर हमारी नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है, और सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव गैर-बाध्यकारी है। अमेरिका चाहे जो कहे, अब इसका कोई असर इजराइल पर नहीं पड़ने वाला है। वास्तव में अमेरिका फिलिस्तीन और इजराइल के बीच जारी युद्ध को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं बना पा रहा है।

एक ओर वह हमास को तबाह करने के लिए इजराइल को सैनिक मदद मुहैया करा रहा है, और दूसरी ओर गाजा में हजारों नागरिकों के मारे जाने पर घड़ियाली आसूं भी बहा रहा है। इस समूचे घटनाक्रम का सबसे दुखद पहलू यह है कि हमास और इजराइल दोनों युद्ध विराम को लेकर अड़ियल रुख अपनाए हुए हैं।

सुरक्षा परिषद द्वारा पारित युद्ध विराम का यह प्रस्ताव दोनों पक्षों ने खारिज कर दिया है। इजराइल इस प्रस्ताव को विभेदकारी बता रहा है, और हमास को यह भरोसा नहीं है कि इजराइल ईमानदारी से युद्ध विराम को लागू करेगा।

इसमें संदेह नहीं है कि गाजा में जारी नरसंहार के कारण इजराइल दुनिया से अगल-थलग पड़ता जा रहा है। इसलिए युद्धरत दोनों पक्षों को अपना अड़ियल रवैया छोड़कर युद्ध विराम के लिए राजी हो जाना चाहिए।



# रह-रह चमकते स्वर्ण के पीछे हमें कितना भागना चाहिए

राहुल गोयल
पूर्व सीईओ, इक्विटी मास्टर

आजकल सोने का बाजार गरम है। कुछ दिन पहले एक बातचीत में मुझे स्वर्ण की कीमत का एक नया लक्ष्य भी मिला कि शायद आने वाले समय में इस बहुमूल्य धातु की कीमत प्रति 10 ग्राम एक लाख रुपये तक पहुंच जाएगी। हालांकि, मुझे नहीं पता कि यह लक्ष्य पूरा होगा या नहीं, पर मुझे यकीन है, जिस तरह से अभी सोने में निवेश किया जा रहा है या आने वाले दिनों और हफ्तों में किया जाएगा, उससे यह लक्ष्य असंभव नहीं लगता।

सबसे पहले मैं सोने पर कुछ आंकड़े साझा करूंगा, जिन्हें आप अक्सर सोशल मीडिया पर पोस्ट के रूप में देखते हैं। यह देखना चाहिए कि अमेरिकी डॉलर में सोने की कीमत क्या है? दस साल के समय में भारतीय रुपये में सोने के भाव में सालाना 9.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि अमेरिकी डॉलर में देखें, तो सोने के भाव में महज 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अगर बीएसई सेंसेक्स को देखें, तो 12.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अगर विगत बीस वर्ष की अवधि में देखें, तो भारत में सोने के भाव में सालाना 13 प्रतिशत, अमेरिकी डॉलर में महज छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हां, इस अवधि में शेयर बाजार में 13.7 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई है। मतलब लंबी अवधि में शेयरों से ही लोगों को ज्यादा कमाई हुई है।

एक बार जब आप शेयरों के प्रदर्शन से तुलना करेंगे, तो सोने के प्रति आपका आकर्षण काफी हद तक कम हो जाएगा। गौर कीजिए, हम दो वजहों से सोना खरीदते हैं। सबसे पहले, मेरे एक पूर्व बॉस ने सोने को इंश्योरेंस या बीमा का एक रूप कहा था। इससे बेहतर कोई नहीं कह सकता। आम तौर पर हममें से अधिकांश लोग यही करते हैं। दूसरी वजह, कुछ अन्य लोग अच्छा रिटर्न पाने के लिए सोना खरीदते हैं।



यदि आप अपनी आर्थिक सुरक्षा या बीमा के रूप में सोना खरीद रहे हैं, तो शायद आपको इसमें 5-10 प्रतिशत ही निवेश करना चाहिए। एक तथ्य यह भी है कि आप सोने से मोटा फायदा उठाते हैं, पर यह फायदा अक्सर आकस्मिक होता है। एक पहलू यह भी है कि जब सोने का भाव बढ़ना शुरू होता है, तब लोग अधिक लाभ के लालच में उम्मीद से अधिक जोखिम उठाने लगते हैं और तब सोने का बाजार दिलचस्प हो जाता है। सोने पर जब निवेश कम रहता है, तो जोखिम ज्यादा नहीं होता, पर जब सोने पर धन आवंटन बड़ा हो जाता है, तब चीजें जटिल हो जाती हैं।

वैसे, भारत में लोगों को सोना बेचने से जो ज्यादा लाभ मिलता है, उसके पीछे भारतीय रुपये के मूल्य का गिरना एक बड़ा कारण है। वास्तव में, केवल यही कारण 20 वर्ष की अवधि में आधे से अधिक लाभ और 10 वर्ष की अवधि में लगभग तीन-चौथाई लाभ या रिटर्न के लिए जिम्मेदार है। इसलिए जब आप सोने पर दांव लगा रहे होते हैं, तो आप वास्तव में भारतीय रुपये के मूल्य की गिरावट पर दांव लगाते हैं। आज रुपये के मूल्य की सबको खबर है। आपको लगता है कि रुपये का मूल्य गिरेगा और सोने का भाव बढ़ेगा।

मोटे तौर पर, सोने पर ज्यादा निवेश का फैसला आसान नहीं है। दूसरी बात, यह एक दीर्घकालिक प्रवृत्ति है, जिसमें कोई नई अल्पकालिक उछाल नजर नहीं आ रही है। ऐसे में, आप आज सोने की कीमत का पीछा क्यों करेंगे? खासतौर पर इसलिए, क्योंकि उसकी कीमत काफी बढ़ गई है। यहां आपके विचार के लिए कुछ और भी है। जब सोने से बहुत अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है, तो यह अक्सर एक बड़ी घटना का एक छोटा हिस्सा हो सकता है। यदि आप सोने की कीमत में 50 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं, तो आप उन शेयरों से क्या उम्मीद कर रहे हैं? यह जरूरी है कि सोना आप उतना ही खरीदें, जितना बहुत जरूरी है। सोने की तुलना में दूसरे निवेश आपके लिए ज्यादा लाभकारी और उपयोगी हैं।

इसके बावजूद अगर आप सोने की तलाश में हैं, तो याद रखें कि सोने में निवेश करना शायद सही शेयर चुनने जितना ही जटिल है। यहां ऐसा बहुत कुछ है, जो गलत हो सकता है, अत: सावधानी से सोने की ओर देखना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



**श्रीकंचनपथ**
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षणों की प्रस्तावित कार्य योजना तैयार की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे से मिली जानकारी अनुसार 06 अप्रैल को बीआईटी भिलाई/साइंस कालेज दुर्ग में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 का प्रथम प्रशिक्षण, 07 अप्रैल को बीआईटी भिलाई में डाक मतपत्र, 13 एवं 14 अप्रैल को बीआईटी भिलाई/साइंस कालेज दुर्ग में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 01, 15 अप्रैल को बीआईटी भिलाई में माइक्रो ऑब्र्जवर का प्रथम प्रशिक्षण एवं कमिशनिंग टीम का प्रशिक्षण, 27 व 28 अप्रैल को बीआईटी भिलाई/साइंस कालेज दुर्ग में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 29 अप्रैल को बीआईटी भिलाई में माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण, 02 मई को मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी टीम का प्रशिक्षण, 03 व 04 मई को बीआईटी भिलाई/साइंस कालेज दुर्ग में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 का तृतीय प्रशिक्षण, 30 व 31 मई को बीआईटी भिलाई में माइक्रों ऑब्जर्वर सहित मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण और 03 जून को बीआईटी भिलाई में माइक्रों ऑब्जर्वर सहित मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित की जाएगी।

### दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने ली शत-प्रतिशत मतदान की शपथ

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी व नोडल स्वीप जिला पंचायत दुर्ग अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक उम्र के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा मतदान के प्रति आस्था रखते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु शपथ ली गई। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक से मिली जानकारी के अनुसार 28 मार्च 2024 को समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित संस्थाओं-ब्राईट मूकबधिर/मानसिक विद्यालय जवाहर नगर दुर्ग, कल्याणी नशामुक्ति केन्द्र एवं रामशीला की कुटिया वृद्धाश्रम जुनवानी दुर्ग तथा आस्था वृद्धाश्रम सेक्टर-02 भिलाई में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत दिव्यांग छात्र-छात्राओं तथा वृद्धजनों को अपने मताधिकार का निश्चित रुप से उपयोग करने एवं हर वर्ग के लोगों कों मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग जिला दुर्ग के उपसंचालक,वृद्धजनो एवं उपस्थित शिक्षकगणों/वृद्धाश्रम प्रबंधको को एक-एक वोट का महत्व बताते हुए लोकतंत्र की परम्पराओं एवं गरिमा को बनाये रखने की अपील की गई।

### अवकाश स्वीकृति के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले के लिए समस्त प्रकार के अवकाश की स्वीकुति हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग अश्वनी देवांगन को नोडल अधिकारी अवकाश स्वीकृति नियुक्त किया है। सीईओ देवांगन को लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक अवकाश के संबंध में प्राप्त समस्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत शासन के दिशा-निर्देशों/रियायतों के अंतर्गत निराकरण की कार्यवाही सुनिचित करने कहा गया है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 8 रेल अधिकारियों एवं 61 रेल कर्मचारियों को मिला अवार्ड

## हर मापदंड पर बेहतर कार्य के लिए बिलासपुर एवं नागपुर रेल मण्डल को Over all Efficiency सतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर) का आयोजन 28 मार्च, 2024 को नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट सभागार बिलासपुर में दोपहर 02 बजे से किया गया। परम्परा एवं पूरी गरिमा के साथ आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, आलोक कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर सेक्रो अध्यक्षा डा. श्रीमती वनिता जैन भी उपस्थित थी।



कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित समस्त विभागाध्यक्ष, तीनो रेल मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे। साथ ही यूट्यूब लाइव के माध्यम से रेलकर्मियों के परिवारजन व नागरिक भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम से जुड़े रहे। भारत में पहली बार रेल का शुभारंभ 16 अप्रैल 1853 में मुम्बई से थाणे के मध्य रेल चलाकर की गई थी। इस ऐतिहासिक घटना की याद में रेल मंत्रालय सहित सभी क्षेत्रीय रेलवे, वर्कशॉप, यूनिटों एवं मंडलों में प्रति वर्ष रेल सप्ताह मनाया जाता है । रेल सप्ताह समारोह में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विगत वित्तीय वर्ष मे उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया जाता है।

इसी कड़ी आयोजित प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर) समारोह में सर्वप्रथम परम्परा अनुसार मुख्य अतिथि आलोक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस समारोह का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात उप महाप्रबंधक (सा.) समीर कान्त माथुर के द्वारा सभी अतिथियों व आगंतुकों का स्वागत करते हुए भारतीय रेलवे के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक आलोक कुमार ने अपने सम्बोधन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार समारोह की बधाई देते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों एवं उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए सभी कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

देश की आर्थिक उन्नति, सामाजिक विकास तथा राष्ट्रीय एकता को बनाएं रखने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका है। गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में हमनें 215 मिलियन टन माल लदान किया था । वर्तमान में अब तक हमनें 230 मिलियन टन की लोडिंग कर ली है ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सम्मिलित प्रयास से इस वर्ष हम लोग रेलवे बोर्ड के द्वारा दिये गए लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। इसका सारा श्रेय आप सभी रेल कर्मवीरों को जाता है।मैं इस अवसर पर आप सभी के परिवारजनों को भी हार्दिक बधाई देना चाहूंगाजिनके सहयोग व प्रोत्साहन के बिना यह संभव नहीं था । अपने 47 हजार से अधिक कर्मवीरों के कल्याण हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर प्रयत्नशील है । इस वित्तीय वर्ष में 2500 नये कर्मवीरों की नियुक्ति की गई.6 हजार से अधिक कर्मियों का पदोन्नत किया गया। E&cellence in Technical/ Professional Educationके लिए रेल कर्मियों के 775 Eligible Wards को 1 करोड़ 38 लाख से अधिक की राशि की सहायता दी गई । रेलवे की सभी कॉलोनी में ओपन जिम एवं बच्चों के झूलों के लिए 1 करोड़ 75 लाख की राशि आवंटित की गई है। इस वर्ष सेंट्रल हॉस्पिटल बिलासपुर के पैथोलॉजी लेबोटरी को National Accreditation Board For Testing and Calibration Laboratories से मान्यता मिली है।

हमारे यात्रियों तथा ग्राहको की अपेक्षाएं हमसे दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। इसके लिए हमें पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्य को और भी बेहतर करना होगा।साथ ही हमें अपने कार्यों में किसी तरह का शॉर्ट कट न अपनाकर संरक्षा का पूरा ध्यान रखना है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करा है। आज के इस समारोह में कुछ चुने हुए रेल कर्मियों को उत्कृष्ट कार्यो के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। मैं आशा करता हूँ कि यह समारोह सभी को और भी अधिक मेहनत, कुशलता तथा समर्पण के साथ कार्य निष्पादन के लिए प्रेरित करेगा। आज के अवसर पर मैं यूनियन व एसोशिएशनोंको उनके सकारात्मक सुझावों व सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ। महिला कल्याण संगठन ने हमेशा ही महिला रेलकर्मी, अशक्त बच्चों एवं मरीजों के कल्याण हेतु अपनी सहभागिता निभाई है।

# कांग्रेस प्रत्येक महिला को देगी 1-1 लाख रुपए सालाना: ज्योत्सना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने कटघोरा व पाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया। उन्होंने इस दौरान उपस्थित ग्रामवासियों एवं महिलाओं को होली की अपनी शुभकामनाएं भी दी। ग्राम बम्हनीपारा, गोपालपुर, चैतमा, साजाबहरी, पोड़ी आदि गांवों में सांसद ने ग्रामवासियों से भेंट-मुलाकात किया। ज्योत्सना महंत ने कहा कि होली का त्यौहार जीवन में रंग भरने एवं उल्लास भरने का पवित्र पर्व है और यह हमें एकता का संदेश देती है। यदि हम एकता के साथ चुनाव लड़ें, तो हमें कोई नहीं हरा सकता। उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा कि राहुल गांधी ने घोषणा की है कि यदि देश में कांग्रेस की सरकार आती है तो हर महिलाओं को नारी न्याय गारंटी योजना के तहत एक-एक लाख रूपए दिया जाएगा, महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। सांसद ने कहा कि भाजपा ने चुनाव से पूर्व गैस सिलेंडर में 500 रुपए की सब्सिडी देने की बात कही थी, जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। यह भाजपा का चुनावी जुमला था और विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा अपना वादा भूल गई। सांसद ने कहा कि कोरबा जिला व संसदीय क्षेत्र में मेरे द्वारा विकास कार्यों को लेकर हमेशा से अपनी बात सदन में रखी जाती रही है, परिणामस्वरूप शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधाओं में बेहतर परिणाम सामने आये हैं। आज कोरबा जिले में मेडिकल कॉलेज खुल गया है जहां हमारे जिले के बच्चे डॉक्टर की पढ़ाई कर अपना भविष्य संवार रहे हैं। कांग्रेस ही हमेशा से सर्वांगीण विकास की बात करती आई है और देश को विकास के रास्ते पर ले जाने का काम कांग्रेस के शासनकाल में हुआ है। किसानों की उन्नति में भी कांग्रेस की योजनाओं का बहुत बड़ा योगदान है। सांसद ने उपस्थित जनता से अपील कर कहा कि चहुंमुखी विकास के लिये कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का दायित्व प्रत्येक सजग नागरिक का है और मुझे पूरा विश्वास है कि एक बार फ़िर अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पाली जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुलेश्वरी सिदार, ब्लाक अध्यक्ष यशवंत लाल, मनोज चौहान, दादा ठाकुर, रवि कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित थीं।



# राशन कार्डधारियों को मिलेगा अप्रैल एवं मई का एकमुश्त राशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राशन कार्ड धारकों को दो माह अप्रैल और मई 2024 के लिए चावल एकमुश्त वितरण किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। यह वितरण माह अप्रैल 2024 में किया जाएगा। जिले के सभी राशन कार्ड धारकों को माह अप्रैल एवं मई हेतु पात्रता अनुसार चावल का आबंटन एकमुश्त उचित मूल्य के दुकानों से किया जाएगा। इसके लिए चावल एवं अन्य राशन सामग्री, आवश्यक वाहनों की व्यवस्था एवं भण्डारण हेतु संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय क्षेत्र में सुरक्षित भण्डारण स्थल चिन्हांकन व राशन सामग्री का सुरक्षित भण्डारण करने कहा है।

जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देश में दो माह की चावल वितरण की सूचना सभी राशन कार्ड धारियों को ग्राम पंचायत/वार्ड में मुनादी कराकर, मीडिया के माध्यम से, अन्य प्रचार-प्रसार माध्यम से करने कहा है। चावल को छोड़कर शेष राशन सामग्री भी शक्कर, नमक, केरोसिन एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना माहवार पात्रतानुसार वितरण होगा।

# मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. गोपा शर्मा ने बच्चों को बताया, परीक्षा का डर कैसे दूर करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सिटीजन स्कूल बजरंग नगर आमापारा में 'परीक्षा से भय कैसे दूर करें' विषय पर मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर गोपा शर्मा ने छात्र-छात्राओं को टिप्स और प्रश्न-उत्तर के माध्यम से मोटिवेट किया।

आपको बता दें कि शिक्षिका, न्यूट्रीशनिस्ट, समाजसेविका, हेल्थ काउंसलर एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. शर्मा को शैक्षणिक, सांस्कृतिक व साहित्य क्षेत्र में कार्य के लिए अंतरराष्ट्रीय मदर टेरेसा अवार्ड, मोस्ट इंस्पायरिंग वीमेन ऑफ़ इंडिया अवार्ड मिल चुके हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती नवनीत जैन ने मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर श्रीमती गोपा शर्मा का स्वागत माला एवं श्रीफल से किया। इस अवसर पर डॉक्टर गोपा शर्मा द्वारा परीक्षा के भय को दूर करने के लिए परीक्षा हॉल जाने से पहले मन में उठने वाली तमाम बातें, स्ट्रगल के बारे में भी सरल माध्यम का प्रयोग कर हमें अपने मार्क्स को कैसे अधिक से अधिक ला सके इसमें चर्चा की और पांच पॉइंट्स बताये...

-परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयारी करना सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। - जब आप अच्छी तरह से तैयार होते हैं तो आपको आत्मविश्वास महसूस होता है और डर कम होता है। - एक अध्ययन योजना बनाएं और उसका पालन करें। - पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करें। - अपने शिक्षकों से सहायता ले यदि आपको किसी विवाद में कठिनाई हो रही हो। स्कूल की शिक्षिकाओं को भी कैसे अच्छे से अच्छा बच्चों को परीक्षा के भय को दूर करने की नसीहत दी गयी। रंगों का त्योहार होली पर शाला परिवार की ओर से डॉक्टर गोपा शर्मा को रंग गुलाल लगाकर बड़े हर्ष उल्लास से रंग पंचमी मनाई गई। अंत में आभार प्राचार्य श्रीमती नवनीत जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मोटिवेशनल स्पीकर डॉ श्रीमती गोपा शर्मा का शाला परिवार एवं शाला संचालक विनोद जैन, प्राचार्य श्रीमती नवनीत जैन द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



# कलेक्टर, सीईओ व आला अधिकारियों ने क्रिकेट खेलकर मतदाता जागरुकता का दिया संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में आयोजित स्वीप क्रिकेट मैच में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, एसडीएम बालोद शीतल बंसल, एसडीएम गुण्डरदेही सुरेश साहू सहित जिला व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने उम्दा एवं बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर जिले के मतदाताओं को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

स्वीप क्रिकेट मैच के माध्यम से अधिकारियों ने क्रिकेट मैच खेलकर जिले के युवा मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।



सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में आयोजित स्वीप क्रिकेट के इस रोमाचंक मैच में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के कप्तानी में स्वीप चैलेंजर्स की टीम ने 10 विकेट से विजय हासिल कर मैच के विजेता का खिताब हासिल किया।

इसी तरह कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की कप्तानी में स्वीप वारियर्स की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उप विजेता का खिताब हासिल किया। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों ने चैके, छक्के लगाकर एवं बेहतरीन क्षेत्ररक्षण एवं गेंदबाजी करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। उल्लेखनीय है कि इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बल्लेबाजी एवं स्पीन गेंदबाजी के साथ-साथ बेहतरीन कॉमेंट्री कर मैच में आकर्षक समाँ बाँधा। पूरे मैच के दौरान स्वीप वारियर्स के ऑल राउंडर खिलाड़ी कप्तान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैच के दौरान स्वीप चैलेंजर्स के बल्लेबाज नायब तहसीलदार मुकेश गजेंद्र ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया।

# मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले भर में आयोजित हो रहे विविध कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत चिखली में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इसके साथ ही खरसिया विकासखण्ड के ग्राम-हालाहुली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। धरमजयगढ़ के कन्या छात्रावास, बाकारूमा एवं हाटी के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में शपथ कार्यक्रम, लैलूंगा के कुर्रा बिरहोर बस्ती में रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की गई। रंगोली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसी तरह जिले के अन्य विकासखण्डों में स्वीप संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। आयोजित स्वीप कार्यक्रम में अपूर्व उत्साह के साथ जनसामान्य शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों को मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### कलेक्टर-एसएसपी ने मध्यान्ह भोजन चखकर जानी गुणवत्ता

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, एस एस पी संतोष सिंह ने गुरुवार को शासकीय प्राथमिक शाला एवं आँगन बाड़ी केंद्र चिचोली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम



पंचायत चिचोली के शासकीय प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन खाकर मीड डे मील में मिलने वाले भोजन गुणवत्ता जांची। आंगनबाड़ी के निरीक्षण के दौरान बच्चों से पूरक पोषण आहार एवं नाश्तें की जानकारी ली। इस दौरान तिल्दा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रकाश टण्डन तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अब मिल रहा है घर में शुद्ध पेयजल

वहीं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और एसएसपी संतोष सिंह ने तिल्दा अनुविभाग के खरोरा तहसील में ग्राम चिचोली के जल-



जीवन मिशन के योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने निमित पानी टंकी जल आपूर्ति की जानकारी ली। इसके बाद ग्रामीण के घर पहुंचें और नल चलाकर पेयजल की आपूर्ति देखी। कलेक्टर के पूछने पर ग्रामीण ने बताया कि पहले हम पास के घर के पास स्थित सार्वजनिक नल से पानी लाते थे। अब जल-जीवन मिशन से नल कनेक्शन मिलने के बाद घर में शुद्ध पेयजल मिल रहा है, इससे बाहर से पानी लाने की समस्या का समाधान हो गया है। इस दौरान एसडीएम प्रकाश टण्डन, जनपद सीईओ विवेक गोस्वामी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षक बनकर कलेक्टर-एसएसपी ने बच्चों से पूछे सवाल

शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थी प्रफुल्लित हो उठे जब कलेक्टर एवं एसएसपी को उनके बीच पहुंचे शिक्षक की



भूमिका में। कलेक्टर एवं एसएसपी, खरोरा तहसील के ग्राम चिचोली में मतदान केन्द्रों के निरीक्षण में गये थे। तभी उन्होंने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों को पढ़ाई करते देख वे कक्षा में उनके बीच पहुंचे, पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछे, सहीं जवाब देने पर सराहना भी की। कलेक्टर को बच्चों ने दिनों के नाम, माह का नाम ब्लॉक, ज़िला के अलावा देश प्रदेश के नाम हिन्दी और अंग्रेज़ी में बताये। उन्होंने कक्षा आठवीं के छात्रों से पूछा कि गोलाई और वृत्त में क्या अंतर है। कलेक्टर ने इस संबंध में उन्हें जानकारी भी दी। एसएसपी सिंह ने पूछा कि ग्लोब गोलाई हैं या वृत्त बच्चों ने इसका सही उत्तर दिया। इस पर एसएसपी ने उनकी सराहना की।

### पार्षद-सरपंच सहित 1500 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की उपस्तिथि में गुरुवार को सैकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया। डोंडी लोहारा विधानसभा के कांग्रेस के जनपद सदस्यो, पार्षदों, सरपंचों के साथ लगभग 1500 कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास कर मोदी की गारन्टी और विष्णु देव साय के कार्यो से प्रभावित होकर प्रदेश प्रवक्ता (छाया विधायक डौंडी लोहारा) देवलाल ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा प्रवेश किया।

जागरूकता दिवस पर बताई पेटेन्ट की महत्वपूर्ण उपयोगिता

# कृषि विवि में मनाया बौद्धिक सम्पदा अधिकार जागरूकता दिवस

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के परिपेक्षय में जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग स्पर्धा का युग है, जिसमें दस्तावेजों का पंजीयन, ट्रेडमार्क, पेटेन्ट और कॉपी राईट समय की मांग दर्शाता है। उन्हांने आगे कहा पेटेन्ट कराने के लिए की मार्गदर्शिका के अनुसार भारत सरकार से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होता है। नियमानुसार प्रकाशन के दो साल बाद साईटेशन होता है।

जागरूकता दिवस पर उन्होंने पेटेन्ट की महत्वपूर्ण उपयोगिता बताई।



कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पेटेन्ट का इतिहास पुराना है। 1400 ईस्वी में भवन डिजाइनरों के द्वारा पेटेन्ट का उपयोग किया गया। जहां-जहां भी पेटेन्ट किया गया वहां विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पेटेन्ट का मतलब जनता के लिए जानकारी को विस्तारित करना है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के प्रकोष्ठ की स्थापना हुई है, विश्वविद्यालय में किस्मों को जी.आई. टैग मिला है तथा पेटेन्ट की विधि को सरल किया गया है।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के बारे में व्याख्यान देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. एस.व्ही. वेरूलकर ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन के अनुसार बौद्धिक सम्पदा का अधिकार व्यक्ति के मस्तिष्क में सृजन और उसके उपयोग के दस्तावेजीकरण से जुड़ा है। उन्होंने पेटेन्ट में कॉपिराईट, ट्रेडमार्क, जी.आई. टैग को शामिल किया है। उन्होंने भारतीय पेटेन्ट अधिनियम 1970 की जानकारी दी तथा मूल्य संवर्धन और पेटेन्ट की विस्तृत प्रक्रिया बताई। इसी सत्र में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे ने व्याख्यान देते हुए बताया नवाचार से नये-नये तरीके ज्ञात होते हैं। इन तरीकों का व्यावसायीकरण जरूरी होता है। उन्होंने नवाचार प्रक्रिया में अनुसंधान और विकास संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, उद्योगों द्वारा किये जाने वाले अनुसंधान, नवाचार, विकास, पेटेन्ट, उत्पादन, विपणन तथा अंगीकरण के संबंध को बताया।

बौद्धिक सम्पदा अधिकार के बारे में उन्होंने भारत सरकार के पेटेन्ट जानकारी केन्द्र, ज्ञान - राष्ट्रीय नवाचार फाउंडेशन अहमदाबाद, राज्य सरकार के नवाचार निधि कार्यक्रम तथा छत्तीसगढ़ के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एम.एस.एम.ई.) के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में प्रकाशन का चौथा स्थान है जबकि साईटेशन 9वें स्थान पर है तथा पेटेन्ट दर्ज कराने में 40वें स्थान पर है। जागरूकता दिवस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार डॉ. अजय वर्मा, संचालक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. एस.एस. टुटेजा, संचालक शिक्षण डॉ. एस.एस. सेंगर, अधिष्ठाता द्वय डॉ. जी.के. दास, डॉ. ए.के. दवे विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉ. दीप्ति झा ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सह संचालक अनुसंधान डॉ. धनंजय शर्मा ने किया।

# मल्टीलेवल पार्किंग के इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## शहर में 10 नये चार्जिंग स्टेशन की भी तैयारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर शहर के चार स्थलों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की गई है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट मल्टीलेवल पार्किंग में स्थापित स्टेशन का कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने निरीक्षण कर विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप भी साथ थे।

इन इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग स्टेशन से चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों को राह चलते चार्ज करना आसान है एवं इससे इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। मल्टीलेवल पार्किंग में तीन चार्जिंग प्वाइंट होने से न्यूनतम दर पर एक ही समय में एक साथ 03 वाहनों की चार्जिंग की सुविधा मिल रही है।



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में किफायती व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला प्रशासन द्वारा रायपुर शहर के 04 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहनों हेतु चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने आज कलेक्टोरेट स्थित मल्टीलेवल पार्किंग पहुंचकर नागरिकों को मिल रही सुविधा का विस्तार से जायजा लिया। चार्जिंग स्टेशन में एक साथ 03 चार पहिया वाहनों के चार्जिंग की सुविधा है, जहां पर 45 मिनट से भी कम समय में वाहन की फुल चार्जिंग की व्यवस्था है। ज्ञात हो इन चार्जिंग स्टेशन की कैपेसिटी 142 (606042) किलोवाट है। सभी फास्ट एवं एसी चार्जर है। इसके अलावा जयस्तंभ चौक मल्टीलेवल पार्किंग, आई.एस.बी.टी. परिसर एवं नगर निगम मुख्यालय में भी इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन संचालित है। सभी स्टेशनों पर 3 गन वाले चार्जर स्थापित किए गए हैं। चार्जिंग स्टेशन पर वाहन मालिक से प्रति यूनिट 18 रुपए का शुल्क निर्धारित है।

निरीक्षण के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि रायपुर नगर निगम द्वारा इंडियन आयल कॉर्पोरेशन के साथ मिलकर शहर में चार्जिंग स्टेशन के 10 नये चार्जिंग नेटवर्क की तैयारी भी की जा चुकी है, जिसके तहत सुभाष स्टेडियम, रायपुर स्मार्ट सिटी ऑफिस परिसर, जवाहर बाजार पार्किंग परिसर, लक्ष्मी कपड़ा मार्केट पंडरी, सेंट्रल लाईब्रेरी के पास, जोन 10 कार्यालय, एलआईसी हाउसिंग शंकर नगर, अनुपम नगर गार्डन, गांधी उद्यान पार्किंग और आमानाका के पास चार्जिंग स्टेशन तैयार हो रहे हैं, जिसकी सुविधा भी इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को शीघ्र मिलेगी।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर सामूहिक सामायिक 12 अप्रैल को



**रायपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति-2024 अंतर्गत भगवान महावीर के 2623 वें जन्म कल्याणक निमित्त रायपुर सकल जैन समाज के सभी संघों द्वारा अपनी-अपनी परम्परा/मान्यता अनुसार सामायिक की आराधना 12 अप्रैल को जैन दादाबाड़ी में सुबह सामूहिक रूप की जायेगी। इसकी रुपरेखा निर्धारण व व्यवस्था को ध्यानार्थ करते हुए बैठक 27 मार्च को आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा, महासचिव वीरेंद्र डागा, कोषाध्यक्ष अमित मूणोत, एवं लोकेश चंद्रकांत जैन, महावीर कोचर, विकास धाड़ीवाल, सिध्दार्थ डागा, गौरव दुगड़, आशीष जैन, जितेंद्र गोलछा (सुधर्म), राजेश रज्जन जैन, प्रणीत जैन, नेहा श्रीश्रीमाल, शोभा गोलछा, संध्या जैन, पुष्पा कोचर, शारदा बोथरा, श्रीकांता ढेलडिया उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा कर प्रभार वितरण किया गया। अध्यक्ष जितेंद्र जैन गोलछा ने बताया की यह सामूहिक सकल जैन समाज सामायिक कार्यक्रम विगत 5 वर्षो से आयोजित किया जा रहा है। रायपुर से सकल जैन समाज एक ही जगह उपस्थित होकर सामायिक आराधना करते है। इस वर्ष भी यह आयोजन पूर्व ही भाती किया जा रहा है, जिससे सकल जैन समाज को धर्म लाभ मिल सके। सामुहिक सामायिक का उद्देश्य समस्त सकल जैन समाज को धर्म के प्रति जोड़ते हुए एकता के सूत्र में पिरोकर पारस्परिक सौहार्द में अभिवृद्धि करना है साथ ही साथ सभी को इस वर्ष भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा धर्म लाभ मिले ऐसा उत्सव समिति का मूल का उद्देश्य है।

## दादी जानकी की मनाई पुण्य तिथि

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजंलि दी गई। विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर में आयोजित समारोह में रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर दादी जानकी का श्रद्धापूर्वक पुण्य स्मरण करते हुए ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि वह ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक सदस्यों में से एक थीं। दादी जी विश्व के उन दस प्रमुख बुद्धीजिवियों में शामिल थी जिन्हें वर्ष 1992 में रियो-डि-जेनरियो में सम्पन्न प्रथम पृथ्वी महासम्मेलन में विश्व के प्रमुख नेताओं का मार्गदर्शन करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनोनीत किया गया था। भारत देश से सिर्फ दो लोगों को यह सौभाग्य मिला था जिनमें से एक दादी जानकी और दूसरे बौद्ध धर्मगुरू दलाई लामा थे।



उन्होंने आगे बतलाया कि दादी जी ने राजयोग की अपनी उपलब्धियों से दुनिया के वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित कर दिया था। आस्ट्रेलिया की युनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, अमेरिका की युनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, सेनफ्रान्सिस्को की युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया जैसी प्रख्यात संस्थाओं ने वैज्ञानिक परीक्षण में देखा कि परस्पर वार्तालाप करते हुए तथा गणितीय प्रश्नों का समाधान करते हुए भी दादी जी के मस्तिष्क से हमेशा डेल्टा तरंगें ही प्रवाहित होती हैं। जबकि सामान्यत: गहन विश्राम अथवा निद्रा की अवस्था में ही डेल्टा तरंगे (सबसे धीमी तरंगे) निकलती हैं।

इस प्रकार का परीक्षण वैज्ञानिकों ने विभिन्न योगियों के साथ किया किन्तु कहीं पर भी ऐसा अद्भुत परिणाम देखने को नहीं मिला। फलस्वरूप वैज्ञानिकों ने उन्हें सर्वाधिक स्थिर चित्त महिला अर्थात मोस्ट स्टेबल माईण्ड इन द वर्ल्ड घोषित किया था। इतना ही नहीं उन्होंने अंग्रेजी का ज्ञान नही होने के बावजूद लन्दन में रहकर विदेश में संस्थान की सेवाओं का विस्तार किया। उन्हीं के सद्प्रयासों से आज ब्रह्माकुमारी संस्थान की शाखाएं विश्व के 140 देशों में कार्यरत हैं।

बोर के पानी में मिला ई-कोलाई बैक्टीरिया

# डायरिया: मरीजों की संख्या 100 के पार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लाभांडी के संकल्प सोसायटी में डायरिया का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सोसायटी में मरीजों की संख्या 100 के पार पहुंच गई है। इस मामले में जांच करने के बाद बोर के पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिला है। अब तक सोसायटी के 105 लोग डायरिया से पीड़ित हुए हैं। पानी का लेवल डाउन हो गया है। इसलिए बोर के पानी में बैक्टीरिया मिला हुआ है। स्वास्थ्य विभाग लगातार सोसायटी के मरीजों की जांच कर रहा है।



बता दें, 21 मार्च से यहां पर डायरिया फैलना शुरू हुआ था। लाभांडी में मरीजों की संख्या 85 के पार पहुंची थी। लेकिन अब 100 के पार चली गई है। 2 दिन पहले दूषित पानी पीने के कारण डायरिया से ग्रसित बच्चे की मौत हो गई थी। यह बच्चा होली का त्योहार मनाने के लिए घर से निकला तक नहीं था। इस परेशानी की वजह से कई लोग लाभांडी छोड़ने का विचार बना रहे हैं।

कुछ दिनों से डायरिया फैलने की शिकायत मिलने की वजह से स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही स्वास्थ्य कैंप भी स्थापित किया गया है। इस कैंप में मरीजों को इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है।

### डायरिया के लक्षण

पेट दर्द होना, बुखार और सिर दर्द, उल्टी आना, कमजोरी महसूस होना...इस तरह के लक्षण अगर आपको या आपके परिवार में किसी को दिखाई दे रहे हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। छोटी-मोटी बीमारी सोचकर 2 या 3 दिन इंतजार न करें।

### डायरिया हो जाए तो क्या करें

ज्यादा से ज्यादा पानी पीना या फिर नमक और चीनी मिलाकर पानी पीया जा सकता है। पके केले का इस्तेमाल करें। डॉक्टर से एक बार सलाह लेकर ही दवाई लें, वरना इसका साइड इफेक्ट भी हो सकता है। जितना हो सकते आराम करें, ज्यादा धूप में ना निकलें।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## शुभमन गिल पर लगा स्लो ओवर रेट का जुर्माना

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट का दोषी पाया है। निर्धारित समय के भीतर उनकी टीम मंगलवार को ओवर नहीं डाल पाई थी, इसलिए उन पर जुर्माना लगाया




गया है। उन पर कुल मिलाकर 12 लाख रुपये का जुर्माना ठोका गया है। आईपीएल की ओर से कहा गया है कि आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह गुजरात की टीम का सीजन का पहला अपराध था, इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी शुभमन गिल आईपीएल में पहली बार कप्तानी कर रहे हैं। पहला मैच तो उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत लिया था, लेकिन दूसरे में सीएसके के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा। ये हार भी कोई छोटी नहीं है। चेन्नई सुपरकिंग्स ने गुजरात टाइटंस को पूरे 63 रन से हराया है।

# बच्चों की पहली नौकरी, ऐसे करें तैयार

**कैम्पस सिलेक्शन के जरिए या अपनी कोशिशों से बच्चे नौकरी पाने की ओर कदम तो बढ़ा देते हैं, लेकिन उनको इसके व्यावहारिक पक्ष की समझ कम होती है। यह नौकरी की तैयारी का अहम पक्ष है।**




हर किसी के लिए पहली नौकरी के आकर्षण होते हैं- कार्यक्षेत्र, कामकाजी कहलाना और वेतन यानी वित्तीय स्वतंत्रता। हालांकि नौकरी केवल काम और वेतन नहीं है, इसके दरम्यान लगन, कड़ी मेहनत, व्यवहार कुशलता और समर्पण भी है। और भी बहुत सारे कौशल हैं, जो बच्चों को कॉलेज से बाहर क़दम रखने से पहले ही अभिभावकों को उन्हें सिखा देने चाहिए।

**समय की पाबंदी :** किसी भी कार्यक्षेत्र के लिए इसकी अनिवार्यता निर्विवाद है। समय पर सोना-जागना, समुचित नींद लेना ताकि ऑफिस में उनींदापन महसूस न हो और समय पर ऑफिस पहुंचने की क़ीमत आपके बच्चे को ज़रूर मालूम होनी चाहिए।

**बात करने का सलीका :** बच्चे घर के बड़ों से तो अदब से पेश आते होंगे, लेकिन कभी-कभार लाड़ में कोई बात न मानने या पूरी बात न सुनने, सीधे खड़े होकर बात न करने जैसी भूलें भी कर बैठते होंगे। ये घर के माहौल में ग़लत नहीं लगेंगी, लेकिन ऐसा ऑफिस में करना बच्चे की ग़लत छवि बना सकता है।

**सावधानियां :** बच्चे को वेतन के सही इस्तेमाल और बचत-निवेश आदि के बारे में शुरू से ही बताएं ताकि उसमें वित्तीय सुरक्षा को लेकर सही भावना विकसित हो सके।

**समर्पण का मूल्य :** नई-नई नौकरी के दौरान अक्सर अपने हिस्से में आए काम को समय पर पूरा करने को लेकर थोड़ी ढिलाई हो जाती है। अगर दोस्तों का फोन आ जाए कि उनका कहीं बाहर लंच का प्रोग्राम है, तो बच्चा उनके साथ जाने को लालायित हो सकता है और फिर समय पर शायद ऑफिस न लौटे। नई नौकरी में ऐसा न करना ही बेहतर होगा। लुभावने प्रलोभनों से बचने की सीख उसे जरूर दें।

**विनम्रता की जरूरत :** संभव है कि आपका बच्चा किसी कम्पनी में शुरुआत से ही ऐसे ओहदे पर काम करे, जहां उसके मातहत कई लोग काम करते हों। वैसे भी हर ऑफिस में सहायक तो काम करते ही हैं। इन लोगों के प्रति विनम्र रहना बच्चे को जरूर आना चाहिए।

**माहौल में टिकना :** अक्सर बच्चे हार जाना, कम समझा जाना या किसी की तुलना में कमतर आंका जाना पसंद नहीं करते। इसे एक तरह का रिजेक्शन मानते हैं, जिसका सामना करना उन्हें मुश्किल लगता है। वहीं एक ही पद या स्तर पर काम करने वालों के बीच स्वस्थ स्पर्धा का होना पेशेवराना जरूरत है। बच्चे को ऐसी स्थितियों के लिए सकारात्मक रूप से तैयार करें।

**धैर्य का कौशल :** बच्चे को बताएं कि जल्दबाज़ी के क्या नुक़सान होते हैं। नौकरी में धैर्य को भी एक कौशल के तौर पर आंका जाता है।

### अपनी ख़ास जगह बनाना

काम को सामान्य तरीक़े से तो सभी करते हैं, बच्चे को सिखाएं कि अगर उसके ज़िम्मे जो काम है, वो उसे शानदार तरीक़े और सलीक़े से करेगा, तो यह उसकी अतिरिक्त ख़ूबी मानी जाएगी। इससे उसे अन्य लोगों के बीच अपनी ख़ास जगह बनाने में मदद मिलेगी।

### नौकरी छोड़ने का भी शिष्टाचार

ज़रूरी नहीं कि पहली नौकरी में बच्चा लम्बे समय तक रमा रहे। उसे सिखाएं कि नया अवसर मिलने पर ही पहले वाली नौकरी छोड़े। दूसरा, नौकरी छोड़ते हुए किसी तरह का कोई मनमुटाव उत्पन्न न होने दे।

### रिजेक्शन के बारे में भी बताएं

पहली नौकरी तलाशने में एक झिझक और डर दोनों ही होते हैं, बच्चे को बताएं कि रिजेक्शन कुछ नहीं होता। अगर आपको किसी नौकरी में ना का सामना करना पड़ता है तो उसमें कुछ ग़लत नहीं है। हर असफलता एक तरह का अवसर होती है।

# सालार एक्टर पृथ्वीराज के फैन हुए लोग

## आडुजीवितम का फर्स्ट डे फर्स्ट शो का आ गया रिव्यू



सालार एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन जिस फिल्म आडुजीवितम पर 16 साल से काम कर रहे थे वह आखिरकार 28 मार्च को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। वहीं सेलेब्स ने तो फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के बाद रिव्यू दे दिया है। लेकिन अब फैंस भी सोशल मीडिया के जरिए अपना रिव्यू देते हुए नजर आ रहे हैं और बता रहे हैं कि आडुजीवितम कैसी है। आइए आपको बताते हैं द गोट लाइफ का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने गए फैंस का कैसा है रिव्यू। एक यूजर ने फिल्म का वन मैन शो बताया है तो दूसरे ने ब्लॉकबस्टर फिल्म को कहा है। इतना ही नहीं कुछ फैंस ने फिल्म के सीन भी शेयर किए हैं। इसके अलावा अन्य यूजर ने लिखा, एक कमजोर नायक द्वारा प्रभावित अस्तित्व की एक आश्चर्यजनक गाथा। पृथ्वीराज सुकुमारन शाइन कर रहे हैं, लेकिन कथा खींची हुई लगती है। अपनी खामियों के बावजूद, यह लचीलापन और आत्मनिरीक्षण के पल दिखाता है।

एडवांस बुकिंग की बात करें तो आडुजीवितम की 1,65,723 से ज्यादा टिकटें बिक गई हैं और इस तरह लगभग 2.66 करोड़ रुपये का कलेक्शन मूवी ने हासिल कर लिया है, जो कि सिर्फ केरल का है।

फिल्म की बात करें तो आडुजीवितम: द गोट लाइफ' को पांच भाषाओं तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज हो गई है, जिसे ब्लेसी ने डायरेक्ट किया है। सच्ची गाथा पर आधारित इस फिल्म का बजट 40 से 50 करोड़ का बताया जा रहा है। वहीं देखना होगा कि फिल्म का फर्स्ट डे यानी ओपनिंग कितनी होती है।

# वजन कंट्रोल करता है आलू बुखारा

आलू बुखारा दिखने में भले ही छोटा हो लेकिन सेहत के लिए उतना ही ज्यादा फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन के, विटामिन सी के अलावा विटामिन बी 6 प्रचुर मात्रा में होता है। जानिए आलू बुखारा खाने से सेहत को क्या-क्या फायदा होता है।

आलू बुखारा में अन्य फलों की तुलना में कैलोरी कम मात्रा में होती है। करीब 100 ग्राम आलू बुखारे में 46 कैलोरी होती है। ऐसे में इसका सेवन करने से वजन कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है। आलू बुखारा में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में होता है। विटामिन सी आंखों और त्वचा के लिए फायदेमंद है। इसके साथ ही ये रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है।

आजकल के समय में तनाव ज्यादातर लोगों को रहता है। ऐसे में आलूबुखारा का सेवन करने से उन्हें फायदा होगा। आलूबुखारा में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट्स दिमाग को स्वस्थ रखता है। जिससे कि तनाव अपने आप कम हो जाता है। आलूबुखारा का रोजाना सेवन करने से आपका डाइजेशन अच्छा रहता है। इसमें मौजूद आइसटिन और सोर्बिटोल पाचन तंत्र को हेल्दी बनाए रखेगा। इसके साथ ही कब्ज की समस्या में भी आपको आराम मिलेगा। अगर आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है तो आलू बुखारा को डाइट में शामिल करें। इसमें मौजूद सॉल्युबल फाइबर आपके शरीर में मौजूद कोलेस्ट्रॉल को शरीर से खत्म कर देता है।



### वजन घटाने के लिए ये है बेस्ट ड्रिंक

बढ़ते वजन से छुटकारा पाने के लिए आप अब सोने से पहले ये 3 हेल्दी वेट लॉस ड्रिंक्स ट्राई करके देखें। खास बात यह है कि वजन घटाने के लिए आपको एक्सरसाइज या घंटों जिम में पसीना भी नहीं बहाना पड़ेगा। आइए जानते हैं कौन से हैं वो 3 ड्रिंग्स जिनका सोने से पहले सेवन करने से आप बढ़ते वजन से आसानी से छुटकारा पा सकते हैं।

**कैमोमाइल टी**- कैमोमाइल टी वजन घटाने के लिए बेस्ट ड्रिंक मानी जाती है। अगर आप भी अपने बढ़ते वजन को कंट्रोल करना चाहते हैं तो रात को सोने से पहले कैमोमाइल टी का सेवन करना न भूलें। ऐसा करने से न सिर्फ आपका वजन नियंत्रित रहेगा बल्कि आपको नींद भी अच्छी आएगी। हेल्थ पर हुए कई अध्ययनों में यह सुझाव दिया गया है कि कैमोमाइल टी शुगर लेवल को नियंत्रित करके वजन घटाने में मदद करती है।

**दालचीनी की चाय**- यदि आप कम समय में ही अपना वजन घटाना चाहते हैं, तो यह दालचीनी चाय का सेवन शुरू कर दें। वेट कंट्रोल करने के लिए दालचीनी की चाय बेस्ट नेचुरल ड्रिंक मानी जाती है। इस चाय में मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के गुण मौजूद होने के साथ कई एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबायोटिक गुण भी मौजूद होते हैं जो इसे अच्छा डिटॉक्स ड्रिंक बनाते हैं। दालचीनी की चाय का सेवन करने से फैट को जलाने में मदद मिलती है।

**मेथी की चाय**- अगर बढ़ते वजन के साथ आपको नींद न आने की समस्या भी परेशान करती है तो मेथी की चाय का सेवन जरूर करें। इसके अलावा अगर किसी दिन आपको लगे कि आपने जरूरत से ज्यादा भोजन खा लिया है, तो पाचन में सुधार के साथ खाना पचाने में यह चाय आपकी मदद कर सकती है।

मेथी की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक चम्मच मेथी एक गिलास पानी में रातभर भिगोकर रख दें। सुबह इसे छानकर पानी अलग कर दें और इस पानी को गुनगुना कर रात में सोने से पहले पीएं। नियमित रूप से इसके सेवन से आप बहुत जल्दी वजन कंट्रोल कर लेंगे।

# पंजाबी लोक संगीत का सबसे 'चमकीला' नाम



गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में दिलजीत के साथ परिणीति चोपड़ा नजर आएंगी। दर्शकों में अभी से ही इस फिल्म के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। दर्शकों के उत्साह को देखते हुए आज मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है।

### जीरो से कैसे हीरो बने अमर सिंह चमकीला

यह फिल्म पंजाब के रॉकस्टार अमर सिंह चमकीला की अनकही सच्ची कहानी को पेश करती है, जो 80 के दशक में गरीबी के साये से उभरे और अपने संगीत के कारण लोकप्रियता की ऊंचाइयों तक पहुंचे। अमर सिंह चमकीला की महज 27 साल की उम्र में सरेआम हत्या कर दी गई थी। दर्शक अब उनकी इसी कहानी को पर्दे पर देख पाएंगे। उन्हें पंजाब का एल्विस प्रेस्ली भी कहा जाता है। 2 मिनट 37 सेकंड का ये ट्रेलर बेहद शानदार है। इसमें अमर सिंह चमकीला ने कैसे जीरो से अपनी शुरुआत की थी।

### अमर सिंह चमकीला के किरदार में खूब जचे दिलजीत

दिलजीत दोसांझ अमर सिंह चमकीला के किरदार में खूब जच रहे हैं। वहीं उनकी पत्नी अमरजोत के किरदार में परिणीति चोपड़ा ने शानदार अभिनय किया है। ट्रेलर में दिखाया गया कि ज उन्होंने गाना शुरू किया तो उनपर गंदे गाने को लेकर भी आरोप लगाए गए। एक तरफ जहां वह लगातार फेमस हो रहे थे। वहीं, दूसरी ओर उनके कई दुश्मन भी बढ़ रहे थे। दिलजीत ने बखूबी अमर सिंह चमकीला का किरदार निभाया है।

### एआर रहमान ने फिल्म को दिया संगीत

'चमकीला' फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है, जो इम्तियाज अली की पिछली फिल्मों 'रॉकस्टार', 'हाईवे' और 'तमाशा' के लिए भी संगीत तैयार कर चुके हैं। इम्तियाज अली की बहुचर्चित फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में परिणीति और दिलजीत ने अपने गाने खुद गाए हैं और साथ ही साथ उन गानों की लाइव रिकॉर्डिंग की गई है। दर्शक इस फिल्म ों को देखने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। 12 अप्रैल 2024 को यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है।

## जल्द शैतान-2 की अनाउंसमेंट करेंगे अजय देवगन

# अभी खत्म नहीं हुई है शैतान की कहानी

अजय देवगन और आर माधवन स्टारर 'शैतान' थिएटर्स में जबरदस्त परफॉर्म कर रही है। तीसरे हफ्ते में चल रही यह फिल्म बीते हफ्ते रिलीज हुई दो नई फिल्मों 'मडगांव एक्सप्रेस' और 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' से भी ज्यादा क्लेक्शन कर रही है।

### फिल्म को मिले रिस्पॉन्स से खुश है अजय-विकास

इसी बीच सुनने में आया है कि अजय देवगन जल्द ही इस फिल्म के सेकेंड पार्ट की अनाउंसमेंट करने वाले हैं। इंडस्ट्री में चर्चा है कि फिल्म के प्रोड्यूसर अजय देवगन और डायरेक्टर विकास बहल इसे मिले पब्लिक रिस्पॉन्स से काफी खुश हैं। ऐसे में उन्होंने इसका सेकेंड पार्ट जल्द अनाउंस करने का फैसला किया है।

### जानकी ने भी किया इशारा

इस बारे में बात करते हुए फिल्म में जान्हवी का रोल प्ले करने वाली एक्ट्रेस जानकी बोड़ीवाला ने कहा, 'आप फिल्ममेकर्स के काम करने का तरीका जानते हैं। कभी-कभी सही वक्त आने तक कुछ ना ही बोला जाए तो अच्छा होता है। बिल्कुल शैतान 2 की तरह जहां सीक्रेट और सरप्राइज, थ्रिल का हिस्सा हैं। सिर्फ इतना कहूंगी कि तैयार रहिए कुछ अनएक्सपेक्टेड होने वाला है।'




### कोकम में सेट होगी कहानी

फिल्म से जुड़े एक सूत्र की मानें तो इसके सेकेंड पार्ट की कहानी भी ब्लैक मैजिक के इर्द-गिर्द ही बुनी जाएगी। हालांकि, इस बार कहानी फिर से किसी फैमिली को टारगेट करने के बारे में नहीं होगी। इसकी कहानी महाराष्ट्र के कोकम में सेट होगी। कोकम को महाराष्ट्र का ब्लैक मैजिक सेंटर भी कहा जाता है। मेकर्स इसके सेकेंड पार्ट में फर्स्ट पार्ट की लीड स्टार कास्ट को ही रिपीट करेंगे। सपोर्टिंग कास्ट फाइनल होते फिल्म फ्लोर पर लाई जाएगी।

### गुजराती फिल्म 'वश' का रीमेक है 'शैतान'

'शैतान', पिछले फरवरी 2023 में रिलीज हुई गुजराती फिल्म 'वश' का रीमेक है। अजय ने जून 2023 में इस फिल्म का रीमेक बनाने का फैसला किया था। शुरुआत में वो इस फिल्म से बतौर प्रोड्यूस ही जुड़े थे पर बाद में उन्होंने इसमें एक्टिंग करने का भी फैसला किया।

### 20वें दिन 'शैतान' ने कमाए 1.67 करोड़

बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने बुधवार को 20वें दिन 1 करोड़ 67 लाख रुपए का बिजनेस किया। अब इस फिल्म का टोटल इंडियन कलेक्शन 135.84 करोड़ रुपए हो चुका है। वहीं वर्ल्डवाइड यह जल्द ही 200 करोड़ का आंकड़ा टच कर लेगी।




### गर्मी के मौसमः फायदेमंद है लौकी का हलवा

गर्मी के मौसम में सेहत के लिए लौकी काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। लौकी का इस्तेमाल सांभर बनाने के लिए भी किया जाता है। आप लौकी से हलवा भी बना सकते हैं। अगर आपका मीठा खाने का मन कर रहा है तो आप इस टेस्टी हलवे को बना सकते हैं। ये स्वाद में लाजवाब लगता है और साथ ही काफी ज्यादा फायदेमंद भी होता है।

#### लौकी हलवा बनाने के लिए आपको चाहिए

लौकी, घी, दूध, शक्कर, मेवा, खोया

#### कैसे बनाएं

इसे बनाने के लिए सबसे पहले लौकी को अच्छे से छील लें और फिर उसे कद्दूकस कर लें, फिर इसे पानी में कुछ देर के लिए भिगो दें। अब पानी से लौकी को छाल लें। एक कढ़ाई में लौकी को डालें और कुछ देर के लिए पकाएं, इस बीच लौकी पानी छोड़ देगी। छन्नी की मदद से लौकी को अच्छे से छान लें। इसको दबा-दबा कर सारा पानी निकाल दें। अब कढ़ाई में रखें और दूध डालें। 3 से 4 मिनट के लिए पकाएं और इसमें शक्कर डालें। अच्छे से मिक्स करने के 5 से 7 मिनट बाज इसमें मेवा डालें। अच्छे से मिक्स करें और इसमें घी डालें। अच्छे से चलाएं। अंत में कद्दूकस किया खोया मिलाएं और अच्छे से मिक्स करें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### फ्लाइंग स्क्वायड टीम प्राप्त शिकायतों पर करें त्वरित कार्यवाही-कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में आज फ्लाइंग स्क्वायड टीम, जीएसटी एवं स्थैतिक निगरानी टीम को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर गोयल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी हैं। आगामी होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को लुभाने, प्रभावित करने वाले सामग्रियों पर सख्ती से कार्यवाही करें। जिसके लिए सभी फ्लाइंग स्क्वायड टीम नियमित कार्यवाही करते हुए रिपोर्टिंग करें। इसके साथ ही मिलने वाले शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने सभी टीमों को समन्वय से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर ऋृम्ना ठाकुर, एसडीएम प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर गोयल ने कहा कि जिले में निर्वाचन के मद्देनजर कैश, ज्वेलरी, शराब एवं प्रलोभन सामग्रियों का परिवहन हो सकता है, लिहाजा सभी टीमें मुश्तैदी के साथ कार्य करें। इस दौरान उन्होंने जीएसटी विभाग से जिले में स्थित वेयर हाउस, गोडाउन के संबंधित जानकारी लेते हुए गारमेंट्स, किचन सामग्री, स्पोर्ट्स समान के अवैध भंडारण की मौके पर जांच एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिला अंतर्राज्यीय सीमा से लगा हुआ है। अत: बॉर्डर से किसी भी प्रकार का अवैध शराब परिवहन नहीं होना चाहिए। इसके अलावा शॉपिंग साईट पर नजर रखने एवं बल्क में होने वाले डिलीवरी पर जांच के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों के शंका का समाधान भी किया। जीएसटी अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन में प्रलोभन के लिए दी जाने वाली मुफ्त की वस्तुएं जैसे कपड़े, जूते, किचन समान आदि के परिवहन वाहनों की जांच के समय वैध दस्तावेज के रूप में टैक्स इनवाइस अथवा ई-वे बिल होना आवश्यक हैं। उन्होंने दोनों बिलों के जांच के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी।

### स्टीकर, पोस्टर लगाकर मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

**दंतेवाड़ा।** आगामी लोकसभा निर्वाचन एवं सभी निर्वाचनों में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' चलाए जा रहे है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों जैसे रंगोली, रैलियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीण युवा भी इन कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर रुचि दिखा रहें और जागरूकता अभियान में शामिल हो रहे है। महिला स्व सहायता समूह की दीदियां ग्रामीण महिलाएं भी अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक हो रही है। इसके साथ ही पेट्रोल पंपों, पी. डी. एस. दुकानों में भी उपभोक्ताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है। इस क्रम में आज जिले में विभिन्न स्थानों जैसे बालक आश्रम शाला बारसूर के बच्चों के द्वारा मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने लिए बैनर व पोस्टरों लेकर लोगों को जागरूक किया। और बचेली में पेट्रोल भरवाने आये सभी उपभोक्ताओं को पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही मुख्यालय के जिला चिकित्सालय में ओपीडी पर्ची में स्वीप का सील लगाकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित किया रहा है। श्रमिक पंजीयन करते हुए श्रमिकों को मतदान का महत्व के बारे में समझाइश देते हुए शपथ दिलाई गयी।

# बृजमोहन ने शुरू किया मंडलों का दौरा, कार्यकर्ताओं में भर रहे जोश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ऐतिहासिक जीत के लक्ष्य के साथ चुनावी समर में पूरी तरह उतर चुके हैं भाजपा के अजेय योद्धा कहे जाने वाले बृजमोहन अपने चुनावी कौशल के कारण पूरे प्रदेश में पहले ही चर्चा में रहते हैं रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा के पश्चात से ही बृजमोहन सक्रिय हो चुके हैं।**



विगत दिनों उन्होंने लगातार भाजपा पदाधिकारियों और मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रमुखों की मैराथन बैठके ली और अब उन्होंने चुनाव के अगले पड़ाव में रायपुर लोकसभा अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों में दौरा कार्यक्रम शुरू कर दिया है जिसकी शुरुवात उन्होंने अभनपुर विधानसभा के खोरपा मंडल से की बृजमोहन अग्रवाल आज खोपरा मंडल पहुंचे जहां उन्होंने खोरपा मंडल कार्यालय का उद्घाटन कर मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित किया उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुवात में कहा की हम सभी को इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने हेतु परिश्रम करना है , एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित करने हेतु भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अब रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल बनकर कार्य करना होगा किसी भी चुनाव में स्वास्थ्य नतीजे जागरूक मतदाताओं के बल पर आते हैं और हम सभी को सबसे पहले मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करना है और इसके लिए सबसे अधिक मतदान प्रतिशत वाले मंडल और बूथ को पुरस्कृत भी किया जायेगा ।

रायपुर लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड मतों से जीत दिलाने के लिए गुरुवार को भाजपा उम्मीदवार और वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के खोरपा मंडल, अभनपुर मंडल, चम्पारण मंडल और नवापारा मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली और चुनावी रणनीति के संबंध में उनसे चर्चा की।

अग्रवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, मतदान के समय तेज गर्मी में लोग घर से निकलने में डरेंगे ऐसे में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होगी। कार्यकर्ताओं को लोगों को समझना होगा कि एक दिन कुछ देर की गर्मी सहन करके वो एक नए भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इसलिए सभी को वोट जरूर देना चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि,बूथ स्तर पर संगठन को पहले से ज्यादा मजबूत किया जाए और कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लोगों से मिलें और सशक्त भारत के लिए मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल के फूल को वोट दें। अग्रवाल ने यह भी कहा कि कार्यकर्ता मतदाताओं को भाजपा के प्रति आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाएं जिससे वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें और सरकार के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि अभी भी बहुत लोग न्यूज पेपर और टेलीविजन, रेडियो का इस्तेमाल नहीं करते जिससे भाजपा कमल फूल सरकार के कामों की सही जानकारी नहीं हो पाती। जिसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में प्रचार के लिए वॉल पेंटिंग और सघन जनसंपर्क अभियान चलाएं। जिससे कोई भी मतदाता छूट ने जाए। भाजपा ने युवा, महिला, गरीब, किसान सभी के लिए काम किया है। चाहे वो किसी भी धर्म या वर्ग का हो। ऐसे में लोगों के पास कांग्रेस को वोट देने के लिए कोई कारण नहीं है। बैठक में अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्र शेखर साहू, रायपुर लोकसभा प्रभारी अशोक बजाज, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, मंडल अध्यक्ष अभनपुर अनिल अग्रवाल, अश्वनी साहू समेत विभिन्न पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सभी अधिकारी-कर्मचारी आचार संहिता का अनिवार्यतः पालन करें - कलेक्टर




श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद ।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज शाम समय-सीमा की बैठक लेकर लोकसभा निर्वाचन 2024 संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी आदर्श आचार संहिता का अनिवार्यत: पालन करें।

उन्होंने कहा कि यदि किसी तरह शासकीय कार्यां में मार्गदर्शन की आवश्यकता हो तो अपने वरिष्ठ अधिकारियों और निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों से मार्गदर्शन लेवें। कार्यालयों में किसी भी तरह के राजनीतिक पोस्टर न हो। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप भली भांति नियमों का अध्ययन कर तैयारी कर लेवें। बैठक में वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर मलिक ने सभी मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी और छाया की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सभी सेक्टर अधिकारियों को हर मतदान केन्द्रों में रनिंग वाटर की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में लू से बचने के लिए आवश्यक सावधानी संबंधी पोस्टर लगाएं। उन्होंने बताया कि इस बार भी महिला बूथ, मिश्रित बूथ व युवा बूथ भी बनाए जाएंगे। कलेक्टर ने रेलवे स्टेशन में भी एसएसटी टीम लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने स्वीप के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित करें। शहर के होर्डिंग्स में भी बैनर, पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार और जागरूकता संबंधी अभियान चलाएं। नगर के व्यवसायियों से बैठक कर उनसे भी प्रचार-प्रसार करने हेतु अपील करें। कलेक्टर ने कहा कि आगामी एक माह के लिए कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करें।

# स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी जांच की सुविधा उपलब्ध, कराएं इलाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस का आयोजन किया गया। इस दिन जिले में इस वैश्विक बीमारी के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साधारण भाषा में टी.बी. रोग को क्षय रोग अथवा तपेदिक के नाम से जानते है। टी.बी. एक संक्रामक बीमारी है जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणुओं की वजह से होती है। लेकिन यह बीमारी लाइलाज नहीं है। जिले में टीबी के सैकड़ों मरीज हर वर्ष सामने आते हैं। समय रहते इस बीमारी का इलाज करवा लिया जावे तो इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

जिले के नागरिकों को टी.बी.रोग की भयावहता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम तथा समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा लोगों को टी.बी के कारण लक्षण और उपचार के संबंध में जानकारी दी गई तथा लक्षण वाले मरीजों को स्पूटम जांच कराने को कहा गया। मेडिकल कॉलेज कोरबा में अधिकारियों नागरिको मेडिकल/ नर्सिंग छात्र छात्राओं तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में सेमिनार का आयोजन किया। टीबी के संबंध में जागरूकता हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मेडिकल नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली बनाया गया। रंगोली प्रतियोगिता में विजयी टीम को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुपरिटेंडेंट तथा नोडल अधिकारी टी.बी. के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि टी.बी. बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है। सबसे कॉमन फेफड़ो का टी.बी है और यह हवा के माध्यम से एक दूसरे इंसान में फैलती है। मरीज के खांसने, छीकने के दौरान मुंह तथा नाक से निकलने वाली बारीक बूँदे फैलाती है। फेफड़ों के अलावा ब्रेन, यूट्रस, मुँह, लीवर, किडनी, तंत्रिका तंत्र सहित शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकती है। टी.बी.के लक्षण जैसे लगातार खांसी जो तीन सप्ताह से अधिक समय तक हो जो खूनी हो सकता है।

# चेम्बर द्वारा रामबाग में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह व कवि सम्मेलन संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज द्वारा स्थानीय रामबाग में भव्य होली मिलन समारोह व कवि सम्मेलन गत 27 मार्च को आयोजित किया गया था। उक्त आयोजन में बरमकेला, सरिया, सारंगढ़, सराईपाली, घरघोड़ा, खरसियां, लैलूंगा सहित नगर के हजारों व्यापारी बंधुगण सपरिवार एवं रायगढ़ के हजारों प्रबुद्ध जन सम्मिलित हुए, जहां लोगों ने तिलक होली खेली।



छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास ने आयोजन में आए लोगों को गुलाल से तिलक लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ राइस मिलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, चेम्बर के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वासवानी, जिला भाजपा अध्यक्ष रायगढ़ उमेश अग्रवाल, चेम्बर के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नंद किशोर अग्रवाल, चेम्बर के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार राठी, चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल (सराईपाली), छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास (रायगढ़), प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल, पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल (चेम्बर) आदि ने माता लक्ष्मी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। उसके पश्चात् होली मिलन समारोह में सभा को सुशील रामदास ने स्वागत उदबोधन से संबोधित किया। उसके बाद क्रमशः राजेश वासवानी, नन्द किशोर अग्रवाल, राजकुमार राठी, योगेश अग्रवाल व रायगढ़ जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल आदि अतिथियों ने सभा को संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल (चेम्बर) एवं चेम्बर के पदाधिकारी व एक्शन कमेटी के सदस्य मनोज बेरीवाल (टिम्बर), अशोक मित्तल, मनोज अग्रवाल (मां सेल्स), पंकज अग्रवाल, संजय अग्रवाल (ऑटो), प्रदीप शृंगी, अशोक जैन, दिलीप अग्रवाल (मोनू), शैलेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल (बट्टीमार), विजय अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, दिनेश गर्ग, रवि अग्रवाल, अनिल गर्ग, कैलाश अग्रवाल (तुलसी), बजरंग महामिया, आनंद अग्रवाल (नहाड़िया),ओमप्रकाश मोदी (गुड्डु), मनोज अग्रवाल (होंडा), मुकेश अग्रवाल, हितेश सुनालिया, मनीष अग्रवाल (लैलूंगा), हीरा मोटवानी, आकाश गोयल, ललित बोंदिया, अखिल आशाराम, मुकेश अग्रवाल (बरमकेला), रवि बजीड़िया, ऋषि ओझा, रवि सुरेका, बजरंग अग्रवाल जुटमिल, डोलनारायण देवांगन, अशोक अग्रवाल (गांधीगंज), जय अग्रवाल, पवन अग्रवाल (घरघोड़ा), वेदप्रकाश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल किराना, नीरज अग्रवाल, पंकज गोयल (श्रीतारा) आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सफलतम् मंच संचालन राजेश डेनियल द्वारा किया गया।

# लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने जन-जागरूकता के लिए जज्बे के साथ किया जा रहा कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने के लिए जनजागरूकता हेतु जज्बे के साथ कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में सभी विकासखंडों में स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित स्वीप संगोष्ठी में अपूर्व उत्साह के साथ जनसामान्य शामिल हुए।




जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित स्वीप संगोष्ठी में शामिल हुई। उन्होंने ग्रामीणों से मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम टेड़ेसरा में सबसे कम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। उन्होंने ग्रामीणों से लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की और ग्रामीण मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने संकल्प पत्र भरवाएं। ग्रामीणों को अपने आसपास, रिश्तेदारों, दोस्तों, परिवार सदस्यों को मतदान के लिए मतदान केन्द्र तक जाने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया। संगोष्ठी में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं सभी जागरूक मतदाताओं तक अपनी बातों को पहुंचाया गया।

स्वीप संगोष्ठी में कम मतदान के कारणों तथा मतदान बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही लोकतंत्र में संसद के महत्व, सांसद के कार्य क्षेत्र, सांसद की भूमिका, सांसद के कर्तव्य व दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संगोष्ठी में दिव्यांग मतदाता, नए वोटर एवं बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने रैली का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली में विभिन्न मतदाता जागरूकता नारों के साथ गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव सुश्री तनुजा मांझी, जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह एवं राजनांदगांव जिला स्वीप टीम के सभी सदस्य सहित मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, शासकीय सेवक, युवा मतदाता, फर्स्ट टाइम वोटर्स, ग्रामीणजन शामिल हुए।

# वनांचल नारायणपुर में सेल खेल मेला-2024 का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र और रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के संयुक्त तत्वाधान में, सेल खेल मेला-2024 का शुभारंभ, 27 मार्च 2024 को भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस सेल खेल मेला-2024 की अध्यक्षता, आचार्य (ब्रह्मचारी प्रशिक्षण केंद्र, बेलुड़ मठ) पूज्य स्वामी पूर्णानंद जी महाराज ने की। पिछले 16 वर्ष से यह खेल मेला रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर में आयोजित किया जाता रहा है। 27 मार्च 2024 से 30 मार्च 2024 तक चलने वाले इस खेल मेला आयोजन का यह 17 वां वर्ष है। मुख्य अतिथि द्वारा चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसके बाद अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत कर, खेल ध्वज का आरोहण किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रगान गाया गया एवं बच्चों द्वारा मार्च पास्ट किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार, महाप्रबंधक एच शेखर, सहायक महाप्रबंधक योगेश वर्मा, अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी एवं स्पोर्ट्स इंचार्ज एवं उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड़, अरुण श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाज सेवक रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन, सहायक जनरल सेक्रेटरी मोहन लाल, स्वामी आकृतानन्द, स्वामी देवनाथानन्द, स्वामी वसुदानन्द, स्वामी कृष्णामृतानन्द, स्वामी मुक्त्यानन्द, स्वामी प्रणतपालानन्द एवं ब्रह्मचारिगण उपस्थित थे। इस खेल मेला में शामिल होने वाले 1500 से अधिक बच्चें तथा आश्रम में अध्ययनरत करीब 1200 बच्चे उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता अभियान : नववधू मतदाताओं को दिलाई गई शपथ

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज कांकेर में नव वधू मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। स्वीप के तहत जनपद पंचायत चारामा के ग्राम लखनपुरी में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने 'चलो मतदान केन्द्र की ओर' के नारे के साथ रैली निकालकर मतदान दिवस के दिन 26 अप्रैल को मतदान करने का आग्रह किया। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत स्वीप सहेली ने भी ग्रामीण मतदाताओं को स्वीप संबंधी रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके अलावा भानुप्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकर्रा में महिला शक्ति संगठन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाल कर नारा लेखन का आयोजन किया गया।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### तेज रफ्तार पिकअप पलटी, 25 घायल, 9 रेफर, 2 गंभीर

**रायगढ़।** सगाई कार्यक्रम में शामिल होने 40 से अधिक लोगो को लेकर जा रही पिकअप ग्राम बनहर के पास बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में 25 लोग घायल हो गए, जिन्हें छाल अस्पताल ले जाया गया है। जहां 9 लोगों को हालत गंभीर होने पर रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में रेफर किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छाल थाना क्षेत्र के ग्राम चीतापाली से करीब 40 लोग एक पिकअप में सवार होकर बुधवार दोपहर में जामपाली सगाई कार्यक्रम में जा रहे थे। मिली जानकारी अनुसार पिकअप चालक तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहा था। तभी बनहर गांव के पास मोड़ में पहुंचा ही था की चालक मोड़ पर नियंत्रण खो बैंठा पिकअप अनियंत्रित होकर सडक् से नीचे उतरकर पलट गई। वाहन पलटते ही वहां चिख-पुकार मच गई। जिससे उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में ग्रामीण सहित घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस दी गई।

घायलों को पिकअप से बाहर निकलते हुए 25 लोगों को चोट लगने से उनको छाल स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां डाक्टरों की टीम ने उपचार शुरू किया तो उसमें से 9 लोगों को गंभीर चोट आई थी, जिससे इनको बेहतर उपचार के लिए रायगढ़ रेफर किया गया, बाकी 16 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई है। वहीं, गंभीर रूप से घायल ग्रामीण विजय राठिया, लोकेन राठिया, तामेश्वर राठिया, हरभजन राठिया, संजय राठिया, संतोष राठिया सहित अन्य को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। इसमें से एक की हालत नाजूक बताई जा रही है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट चुकी है।

### फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस को 12 वर्षो से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एंव सौहार्द्रपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 28.03.2024 को जेएमएफ्सी न्यायालय राजनांदगॉव प्रकरण मे धारा 279, 304-ए भादवि में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट के वारंटी सईद उर्फ बाबा खान पिता अब्दुल सलाम उम्र 48 वर्ष साकिन कसारीडीह आजाद चौक दुर्ग जिला दुर्ग (छ0ग0) को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, उक्त वारटी विगत 12 वर्षो से फरार था, जिसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम लाखों की ठगी

## ज्यादा फायदे का झांसा देकर निवेश की रकम कर गया हजम

**भिलाई।** दुर्ग जिले के मोइन नगर थाने में शेयर ट्रेड़िंग के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। प्रार्थी खुद भी शेयर ट्रेड़िंग का काम करता है और इसी दौरान वह एक वॉटसएप ग्रुप से जुड़ा। इसके वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से उसे ज्यादा फायदे का झांसा दिया गया। प्रार्थी झांसे फंस गया और 8 लाख 42 हजार 850 रुपए निवेश कर दिए। इसके बाद न तो उसे फायदा मिला और न ही उसके द्वारा निवेश की गई रकम उसे वापस मिली। ठगी का अहसास होने के बाद उसने मोहन नगर थाने में जाकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में मोहन नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार हर्षील रायल कातुलबोर्ड दुर्ग निवासी श्रीकुमार




पिल्लई ने अपनी शिकायत में बताया कि वह शेयर मार्केट मे ट्रेडिंग का कार्य करता है। इसी संबंध मे एक वाट्सएप ग्रुप एलआरओ में उसे जोडा गया। ग्रुप के माध्यम से क्रिश ब्रायन नाम के व्यक्ति द्वारा शेयर ट्रेंडिंग में ज्यादा फायदा कमाने के टिप्स दिए जाते थे। क्रिश ब्रायन अपने मोबाईल नंबर 447443234147, 2133975121, 8961329429 के जरिए ग्रुप से जुड़ा हुआ था। शुरुआत में क्रिश ब्रायन के टिप्स से उसे लाभ मिला। जिसकी राशि उसके बैंक खाते में जमा भी हुई। 16 जनवरी 2024 को 3000 रुपए व 25 जनवरी 2024 को 62900 रुपए खाते में क्रेडिट हुए।

### ज्यादा फायदे के झांसे में फंसा

खाते में फायदे की राशि की जमा होने से श्रीकुमार ज्यादा फायदे के झांसे में फंस गया। इसके बाद बाद उसने क्रिश ब्रायन के कहे अनुसार विभिन्न खातों में 8 लाख 42 हजार 850 रुपए जमा कर दिए। श्रीकुमार ने बताया कि उसने 17 जनवरी 2024 को 10 हजार रुपए, 19 जनवरी 2024 को 50 हजार रुपए 2 फरवरी 2024 को 50 हजार रुपए, 4 फरवरी 2024 को 50 हजार रुपए, 11 फरवरी 2024 को 5 लाख 37 हजार रुपए, तथा 26 फरवरी 2024 1 लाख 45 हार 850 रुपए जमा किए।

### रुपए वापस मांगे तो ठगी का पता चला

8 लाख रुपए से ज्यादा की रकम निवेश करने के बाद श्रीकुमार ने जब लाभ के रुपए मांगे तो क्रिश ब्रायन ने अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। जमा राशि को वापस करने के एवज में अतिरिक्त राशि जमा करने कहा गया। इसके बाद से उनके सभी नंबर भी बंद हो गया। इसके बाद श्रीकुमार को अहसास हुआ कि उसके साथ बड़ी धोखाधड़ी हुई है। तब जाकर उसने थाने पहुंचकर इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद मोहन नगर पुलिस ने मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रेमिका ने अपनी सहेली के साथ मिलकर युवक का गला घोंटा

**अंबिकापुर (ए.)।** जिला मुख्यालय बलरामपुर में कालेज छात्र की संदिग्ध मौत का राजफाश हो गया है। शारीरिक संबन्ध बनाने की जिद के कारण प्रेमिका और उसकी नाबालिग सहेली ने नायलोन की रस्सी से छात्र का गला घोंट दिया था। बेहोश अवस्था में कमरे के बाहर निकालकर छात्र को छोड़ दिया गया था। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या के आरोप पर प्रेमिका और उसकी नाबालिग सहेली को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बलरामपुर विकासखंड के ग्राम पुटसुरा निवासी वीरेंद्र यादव पिता बिहारी यादव (18) बलरामपुर के वार्ड क्रमांक दो मरियमपारा में निवास करता था। उसके साथ बहन भी रहती थी। वीरेंद्र कालेज की पढ़ाई करने के साथ ही शहर के एक कपड़ा दुकान में भी काम करता था। मंगलवार की दोपहर वीरेंद्र को वार्ड क्रमांक पांच में देखा गया था। वह बेहोश पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों की मदद से बहन ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया था। यहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

वीरेंद्र के गर्दन पर निशान थे। प्रथम दृष्टया ही मामला गला दबाने का प्रतीत हो रहा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि मृतक का उसके पुटसुरा गांव की ही एक युवती से प्रेम संबन्ध था। युवती भी गांव की ही नाबालिग सहेली के साथ बलरामपुर में किराए का मकान लेकर रहती है। दोनों बलरामपुर में रहकर पढ़ाई करते हैं। इन्हीं के घर के बाहर युवक मिला भी थी। मृतक की बहन ने भी युवती के सम्बंध में पुलिस को जानकारी दी थी।

पुलिस ने युवती और उसकी सहेली को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो मामले का रहस्योद्घटन हो गया। मृतक की प्रेमिका ने बताया कि वीरेंद्र यादव के साथ उसका प्रेम संबन्ध था। होली के दिन बीते सोमवार की शाम वीरेंद्र उनके किराए के घर में आया था। यहां उसने प्रेमिका के साथ संबन्ध बनाने की जिद की। प्रेमिका के अनुसार इसके पहले तक वह ऐसा नहीं करता था। उसे दोनों ने समझने की कोशिश की लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। प्रेमिका द्वारा इंकार करने पर युवक ने उसकी नाबालिग सहेली से जोर जबरदस्ती शुरू कर दी। दोनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। जब वह नहीं माना तो गुस्से में आकर दोनों ने घर में रखे नायलोन की रस्सी का फंदा बनाकर युवक के गले में डाल दिया। घर में लगे सीलिंग फैन के हुक में रस्सी को घुमा खींच दिया इससे वीरेंद्र का दम घुटने लगा। जब वह बेहोश हो गया तो प्रेमिका और उसकी सहेली ने उसे कमरे के बाहर निकाल कर छोड़ दिया और वापस अपने कमरे में चली गई। सुबह जब दोनों सोकर उठी तो देखा कि वीरेंद्र यादव की मौत हो गई थी। उसी के मोबाइल से उसने घटना की जानकारी एक परिचित युवक को दी थी। जब मृतक की बहन वहां पहुंची तो उस दौरान भी मृतक की मोबाइल को प्रेमिका ने अपने पास ही रखा था। कथित रूप से बहन को उसने सारी जानकारी भी दी थी। बहन ने भी पुलिस को बताया कि उसके भाई का युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। अक्सर वह प्रेमिका के साथ मोबाइल से भी बातचीत किया करता था। इसी जानकारी और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने हत्या के आरोप पर प्रेमिका और उसकी नाबालिग सहेली को गिरफ्तार कर लिया है।

# चरित्रशंका : पति ने की पत्नी की हत्या

## पड़ोसियों ने दी पुलिस को सूचना, ताला तोड़कर निकाला था शव

**बिलासपुर।** चिंगराजपारा स्थित मकान के भीतर महिला का खून से लथपथ लाश मिली है। महिला का पति घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। आरोपित नागपुर भागने की फिराक में था। इससे पहले ही पुलिस ने रेलवे पुलिस के सहयोग से आरोपित को कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि चरित्र शंका पर उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। न्यायालय के आदेश पर आरोपित को जेल दाखिल कराया गया है। सकरी क्षेत्र के लाखासार में रहने वाला मुकेश साहू (21) चिंगराजपारा के भरत चौक के पास किराए के मकान में रहकर रोजी-मजदूरी करता था।

उसने एक साल पहले ही गांव की श्वेता कौशिक से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद से दोनों किराए के मकान में रह रहे थे। आसपास के लोगों ने बताया कि मुकेश और श्वेता के बीच आए दिन मामूली बातों को लेकर विवाद होता था। सोमवार को मुकेश शराब के नशे में था। रात को दोनों के बीच पारिवारिक बातों को लेकर विवाद हो रहा था। मोहल्ले के लोगों को आए दिन होने वाले विवाद की जानकारी थी। इसके कारण किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। कुछ देर बाद उनकी आवाज आनी बंद हो गई। सुबह लोगों ने उनके मकान में ताला लगा देखा।

किसी अनहोनी की आशंका पर मोहल्ले के लोगों ने सरकंडा पुलिस को इसकी सूचना दी। इस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। मोहल्ले वालों की मौजूदगी में मकान का ताला तोड़ा गया। अंदर श्वेता की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। पास में ही रक्तरंजित कुल्हाड़ी थी। पुलिस ने आसपास के लोगों को से पूछताछ कर श्वेता के स्वजन की जानकारी जुटाई। महिला के स्वजन को घटना की जानकारी देकर शव का पीएम कराया गया। इधर पुलिस की टीम ने फरार पति की तलाश शुरू कर दी। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पता चला कि आरोपित ट्रेन से महाराष्ट्र की ओर भाग रहा है। इस पर पुलिस की एक टीम को नागपुर रवाना किया गया।

रेलवे पुलिस को आरोपित की तस्वीर भेजकर जानकारी जुटाई गई। आरोपित कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस से महाराष्ट्र भाग रहा था। पुलिस ने उसे ट्रेन से ही गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि सोमवार की रात चरित्र शंका पर पत्नी से विवाद हो रहा था। इसी दौरान उसने अपनी पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया। हमले में उसकी पत्नी की मौत हो गई।

### सूअर के हमले से महिला की मौत

**जशपुर (ए.)।** जशपुर वन मंडल बगीचा के मरोल के जंगल में जंगली सुअर के हमले से एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल, इन दिनों बादलखोल अभ्यारण्य, बगीचा और पत्थलगांव के जंगलों में वन्य प्राणियों को जगह-जगह पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में वन्य प्राणी रिहायशी इलाकों की ओर पहुंचने लगे हैं। इस बीच आज मरोल जंगल के समीप एक वृद्धा अन्य महिलाओं के साथ महुआ बिन रही थी,इस दौरान अचानक जंगली सुअर ने बुजुर्ग महिला पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। इससे हमले में गंभीर रूप से घायल महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद बगीचा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

### सरकारी योजनाओं के नाम पर ठगी, महिला गिरफ्तार

**कोरबा (ए.)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में सरकारी योजनाओं के नाम पर कई लोगों से ठगी करने वाली शातिर महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक ठगी की शिकायत पर साजदा बेगम को गिरफ्तार किया गया है। उस पर 420 का प्रकरण दर्ज किया गया है। पूरा मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र का है। मानिकपुर पुलिस के कब्जे में आई साजदा बेगम कोरबा के बुधवारी इलाके की रहने वाली है। उस पर कई महिलाओं से छलकपट करने और रकम डकारने का आरोप है। कोरबा के मुड़ापार वार्ड की महिलाओं को उसने सरकारी योजना से लाभ दिलाने का झांसा दिया। अधिकारियों से अपनी ऊंची पहुंच का हवाला देकर ठगी की। चैकी प्रभारी प्रेम साहू ने बताया कि कई लोग साजदा बेगम के झांसे में आकर ठगी का शिकार हो गए, जिनकी शिकायत पर महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया कि इलाके में बहुत सारी महिलाओं के साथ योजनाओं के नाम से छलावा हुआ है, लेकिन वे संकोच के कारण आगे नहीं आ रही हैं। इसी धारणा के कारण ठग किस्म के लोगों की चाल सफल हो रही है। वे अपने व्यवसाय को हरा भरा करने में लगे हुए हैं।

## पत्नी, ससुर, साला सहित चार गिरफ्तार

# प्रताड़ना से तंग आकर दामाद ने कर ली खुदकुशी



**बलौदाबाजार (ए.)।** जान से मारने की धमकी देकर आत्महत्या के लिए उकसान के आरोप में पुलिस ने चार आरोपितों को ग्राम खैरा मुंगेली से गिरफ्तार किया है। पुलिस की माने तो 27 जुलाई 2023 की सुबह रमेश कुमार निवासी सकरी थाना में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उनका लड़का मृतक पनेश्वर साहू का पत्नी कपूरन बाई के साथ विवाद चल रहा था।

पिछले चार माह से वह अपने मायके में है। पति-पत्नी का मामला मुंगेली के कोर्ट में चल रहा है। इसी विवाद के चलते पनेश्वर साहू को लगातार ससुराल की तरफ से प्रताड़ित किया गया। जिससे तंग आकर बेटा पनेश्वर ने स्वयं आग लगाकर आत्महत्या कर लिया। पंचनामा कार्रवाई के दौरान मृतक के पास वाले रूम में एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें मृतक के ससुर दिलहरण साहू, उसका मितान मोहन यदु, मृतक की पत्नी कपुरन बाई साहू, तथा कपिल साहू के द्वारा दो-तीन बार जान से मारने की धमकी देने की बात है। मृतक के पिताजी रमेश कुमार साहू, मृतक के भाई भोलाराम साहू, शुकवारो साहू, चुरामणी साहू, गणेशराम साहू, वगैरह से बयान लिया गया।

सभी ने बताया कि मृतक के ससुर, पत्नी, कपिल साहू, मोहन यदु हमेशा मृतक पनेश्वर साहू का आचरण ठीक नहीं होने का आरोप लगाकर प्रताड़ित करते थे। इस वजह से पति-पत्नी में रोजाना विवाद होता था। जिससे प्रताड़ित होकर और आरोपितों द्वारा आत्महत्या करने के लिए उकसाने के कारण पनेश्वर साहू ने आत्महत्या कर ली। मृतक के लिखावट संबंधित जब्त पत्र को सही पाया गया। मृतक के पीएम रिपोर्ट में आग से जलने के कारण मृत्यु होना बताया गया है। पुलिस ने आरोपित मृतक के ससुर दिलहरण साहू, मितान मोहन यदु, मृतक की पत्नी कपुरन बाई साहू, कपिल साहू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

(संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2024/1560/511 भिलाई, दिनांक 27/03/2024

### // स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना //

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के **संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन** तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकार्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नीतू सिंह, ध.प. श्री जितेन्द्र सिंह, निवासी-मकान नं. 15, सड़क नं. 27, वार्ड नं. 11, चन्द्रनगर, इन्दुआई.टी. स्कूल के पास, कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्री सुखदेव, आ. श्री छेदी लाल, 2. ना.बा. एस. सक्षम, आ. श्री सुखदेव, वली मां श्रीमती तरूण देवी, ध.प. श्री सुखदेव, निवासी-क्वा. नं. 12/एफ, सड़क नं. 29, सेक्टर-05, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, शांतिनगर वार्ड क्र. 10(चन्द्रनगर), भिलाई, खसरा नं. 5145, प्लाट नं.-49, रकबा-1500 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 2 | चौहान हाउसिंग (चौहान ग्रीन वैली), आपेजिट-चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, प्रोपराईटर-श्री अजय चौहान, आ. स्व. श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती सुनीता सिंह ध.प. श्री नंद लाल सिंह, निवासी-फ्लैट नं.-24, ब्लॉक-ई-9, चौहान टाउन, जुनवानी रोड, भिलाई,, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं. 01, चौहान ग्रीन वैली खम्हरिया एवं जुनवानी, भिलाई, प्लाट नं.-ऑर्चिड-29, प्लाट का क्षेत्रफल-1743.00 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | "चौहान हाउसिंग"(चौहान ग्रीन वैली), आपेजिट-चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, प्रोपराईटर-श्री अजय चौहान, आ. स्व. श्री विपत(दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री संदीप कुमार गुप्ता, आ. श्री के.के. गुप्ता, निवासी-फ्लैट नं.-02, ब्लॉक-डी-6, प्रथम तल, चौहान हाउसिंग, चौहान ग्रीन वैली, खम्हरिया, जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं. 01, "चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया एवं जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं.-02, ब्लॉक-डी6, प्रथम तल, क्षेत्रफल-663.27 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 4 | श्री मुकेश कुमार वर्मा, आ. स्व. श्याम लाल वर्मा, निवासी-मकान नं. 112, गायत्री मंदिर रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. रूपेश कुमार राय, आ. श्री सत्येन्द्र राय, 2. श्रीमती रेश्मी रंजन, ध.प. श्री रूपेश कुमार राय, दोनो निवासी-मकान नं. 1274, सडक नं.-25, शांतिनगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका(राजीव नगर वार्ड) वार्ड नं.-13, रामगनर आवासीय क्षेत्र अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं.- 9192/2, रकबा-1000 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 5 | "चौहान हाउसिंग"(चौहान ग्रीन वैली), आपेजिट-चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, प्रोपराईटर-श्री अजय चौहान, आ. स्व. श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | पूर्णिमा सिंह पिता स्व. श्री एम. पाल निवासी-प्लाट नं. 14, विद्या विहार, नेहरूनगर पश्चिम, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं. 01, "चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया एवं जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं.-20, ब्लॉक-डी 3, तृतीय तल, क्षेत्रफल-663.27 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 6 | फाईव स्टार कंस्ट्रक्शन कंपनी,पार्टनर- हेमंत कुमार विस्वाल पिता-स्व. डी. विस्वाल, निवासी-287, स्ट्रीट नं. -04, वार्ड नं. 11, शांतिनगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती सीमा चौरे, पति-श्री नितीन कमल चौरे, निवासी-म.नं.-112, वार्ड नं. 12, सदभावना शंकर नगर, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, शांतिनगर कोहका वार्ड नं. -10 शांतिनगर कालोनी अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं.-6916/7, रकबा-0.0340 हे. में से 1196 वर्गफीट, क्रय किया, आवासीय रिक्त भूमि। |
| 7 | दिलीप मंडल, आ. स्व. राजेन्द्र नाथ मंडल, निवासी-मकान नं. 38, दुर्गा नगर वार्ड नं. 08, कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | अर्शिया इकबाल, ध.प. श्री इकबाल मोहम्मद, निवासी-मकान नं. 9 डी, सड़क नं.-15, सेक्टर-05, वार्ड नं. 59, सिविक सेन्टर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, रानी अवंति बाई वार्ड क्र. 08,(दुर्गा नगर अन्दर भाग), भिलाई, खसरा नं.- 2151/28, प्लाट नं.- 38, क्षेत्रफल-2400 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 8 | चौहान हाउसिंग प्रा. लिमि. डायरेक्टर-श्री अजय चौहान आ. विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी-राजीव नगर, सुपेला, भिलाई से श्रीमती रश्मि पंडा, पति-विजय कुमार पंडा, निवासी-शॉप नं. 99ए मार्केट, सेक्टर-01, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री अनीज कुमार पात्रो, पिता-श्री विनोद चन्द्र पात्रो, निवासी-अजय मेडिकल स्टोर्स के पास, दुर्ग रोड कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड नं. 02, CHPL DREAM HOMES, स्मृतिनगर वार्ड भिलाई, फ्लैट नं.-14, तृतीय तल, ब्लॉक नं.-बी, क्षेत्रफल-1068 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 9 | मेसर्स बिल्टेक इंजी. प्रा. लिमि. डायरेक्टर श्री मनीष गुप्ता आ. श्री कुलदीप गुप्ता, 54 मोतीलाल नेहरूनगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1.श्रीमती सुकांती भोई, पति श्री निराकर भोई, 2. निराकर भोई आ. स्व. श्री पी. एल. भोई, दोनो निवासी-प्लाट नं. 2, ब्लाक नं. 61, नेहरूनगर ईस्ट, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं. 01, सूर्या अपार्टमेंट जुनवानी(नियर मॉडल टाउन), भिलाई, फ्लैट नं.-एच/31, तृतीयतल, ब्लॉक-एच, क्षेत्रफल-771.06 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |

उपायुक्त (संपत्तिकर)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243


भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### दुर्ग में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन 30 को

**दुर्ग।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग द्वारा कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में दुर्ग विधानसभा के अंतर्गत आने वाले वार्डों के पार्षदों, छाया पार्षदों, वार्ड अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों को सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को लाने की जवाबदारी सौंपी गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, मजदूर कांग्रेस व अन्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को जवाबदारी दी गई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने कहा कि आगामी 30 मार्च को कार्यकर्ता सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हो रहा है। एकजुटता के साथ सभी कांग्रेसजनों को दुर्ग लोकसभा का चुनाव जीतना है। वोरा ने कहा कि हमें कांग्रेस के 5 गारंटी की जानकारी लोगों तक पहुँचाना है। पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश में बहुत सी महती योजनाओं को लागू किया, किंतु वर्तमान सरकार ने सारी योजनाएं बंद कर सामान्य जनता की मुश्किलें बढ़ा दी है। बैठक को अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी संबोधित किया। बैठक में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, महापौर धीरज बाकलीवाल, परमजीत सिंह भुई, ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, महिप भुवाल, राजकुमार साहू, सुशील भारद्वाज, अनूप वर्मा, सुमीत वोरा, संदीप वोरा, कन्या ढीमर, रत्ना नारमदेव, निकिता मिलिंद, शकुन ढीमर, निर्मला साहू, श्रद्धा सोनी, पार्वती शेंडे, उषा ठाकुर, भूपेंद्र सेन उपस्थित रहे।

### जब्त नकदी को अवमुक्त करने एवं शिकायतों के निराकरण के लिए समिति गठित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान जप्त की गई नकदी इत्यादि को अवमुक्त करने के लिए तथा इस संबंध में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु समिति गठित की गई है। समिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, नोडल अधिकारी ईईएम, सहायक नोडल अधिकारी ईईएम और वरिष्ठ कोषालय अधिकारी शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार समिति, पुलिस अथवा स्थैतिक निगरानी दल या उड़नदस्ता द्वारा की गई जप्ती के प्रत्येक मामले की अपनी ओर से जांच करेगी। समिति द्वारा यह पाया जाता है कि मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार जप्ती के संबंध में कोई प्राथमिकी/शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जप्ती किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान इत्यादि से जुड़ी हुई नहीं है तो वह ऐसे व्यक्तियों को जिनसे नकदी जप्त की गई थी।

### मृतक के परिजनों को मिली 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोपली थाना उतई तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी भुनेश्वरी सपहा की विगत 04 मार्च 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम उमदा, तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी डोमनदास भारती की विगत 14 नवम्बर 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। संगम चौक वार्ड क्र. 10 जामुल तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग निवासी अजय सेन की विगत 06 जनवरी 2023 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। वार्ड नं. 15 बजरंग नगर उतई तहसील व जिला दुर्ग निवासी अमन कश्यप की 13 अप्रैल 2023 को नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी।

# स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि और आईआईटी मंडी के बीच शैक्षणिक अनुबंध

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। विगत 26 मार्च को छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई एवं आईआईटी मंडी हिमाचल प्रदेश के बीच एमओयू किया गया। इस एमओयू को विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. एमकेवर्मा एवं आईआईटी मंडी के निदेशक डॉक्टर लक्ष्मीधर बेहरा द्वारा सम्पदित किया गया जिसके तहत अनुसंधान एवं अकादमिक गतिविधियों के विकास पर दोनों संस्थाओं द्वारा संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।**



इस एम ओ यू के तहत फैकल्टी एवं स्टाफ दोनों संस्थानों में आवागमन कर शैक्षणिक एवं कंसल्टेंसी कार्यों का क्रियान्वयन कर सकेंगे। इसके तहत संयुक्त रूप से संस्थान के नियम अनुसार पोस्ट ग्रेजुएट, पी. एच.डी. के छात्रों का सुपरविजन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के बी. टेक. ऑनर्स के छात्र अपनी 6 माह की इंटर्नशिप स्टाइपेंड के साथ आईआईटी मण्डी में विषय विशेषज्ञों के मार्ग दर्शन में वहीं रहकर पूर्ण कर सकेंगे।संयुक्त रूप से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट सेमिनार वर्कशॉप कॉन्फ्रेंस आदि आयोजित किया जा सकेंगे। इस प्रकार से विश्वविद्यालय के छात्रों को विश्व स्तर के प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक सुविधा मिल पाएगी साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के संसाधनों की उपयोगिता के अवसर मिलेगा। उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण एवं उन्नयन की सुविधा भी छात्रों को प्राप्त होगी जिसे आधुनिक जगत की आवश्यकता अनुसार इंडस्ट्री रेडी मानव संसाधन तैयार हो सके। विदित हो कि आई आई टी मंडी में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के डिजाइन और निर्माण केंद्र (CyDFED Lab) इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के डिजाइन और निर्माण पर बहु-विषयक अनुसंधान के लिए एक अद्वितीय विश्व स्तरीय सुविधा है। इस लैब में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस फेब्रिकेशन, एडवांस्ड लिथोग्राफी एंड मैटेरियल्स फॉर सेमीकंडक्टर इंडस्ट्रीज , फोटोनिक एंड फोटोवोल्टिक डिवाइस , टेस्टिंग एंड पैकेजिंग ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस , इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स ( MEMS, NEMS, BIO-MEMS, SENSORS), इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस डिज़ाइन एंड सिमुलेशन स्थापित है । इस केंद्र में class 100, class 1000 और class 10000 स्तर की फेब्रिकेशन प्रयोगशालाएँ हैं।

जहाँ उच्च-स्तरीय परिष्कृत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण डिज़ाइन, निर्माण और लक्षण वर्णन उपकरण स्थापित हैं। यह एमओयू 5 वर्षों के लिये होगा।

# निर्माण कार्यों में लेटलतीफी, आयुक्त ने ठेकेदार को लगाई फटकार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अमृत मिशन के बचे कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों की बैठक नगर निगम के डाटा सेंटर में लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।आयुक्त ने बैठक में कहा शहर के सभी 60 वार्डो में किये गए नल कनेक्शन का सर्वे करवाये,उन्होंने ये भी कहा कि लगातार फील्ड पर रहकर निरीक्षण करे और अवैध नल कनेक्शन को काटे, जिस नलों में लगतार पानी बह रहा है।उस नल कनेक्शन विच्छेद कर दिया जाये।और जिने नलों में टोटी नही लगी ह वहाँ टोटी लगावाकर नल का उपयोग पर रहने दे।उन्होंने बैठक में निर्देश में कहा लुचकि तालाब का पवार इंटरलॉक को ठीक से करवाये उखड़ने की नौबत न आये।आयुक्त ने वार्ड 15 तक एवं वार्ड 29 में कसारीडीह तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर कार्य मे लेटलतीफ ी किये जाने पर ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई और वार्ड 46 से 40 तक ग्रुप ड़ी के रायपुर नाका कार्य स्वीकृति के बाद कार्य प्रगति धीमी होने के कारण ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अफसरों से कहा कि पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य शहर में छूटे हुए स्थानों पर किया जाना है।यह कार्य मार्च के अंतिम तक पूरा कर लिया जाना चाहिए,अधिकारियों के साथ बैठक के दौरा आयुक्त ने कहा जहाँ जहाँ कार्य बचे हूए है जल्द पूर्ण कर क्षेत्र में पानी सप्लाई शुरू करने के लिए निर्देश दिये।उन्होंने सख्त लहजे में कहा है कि ठेकेदार हर हाल में गर्मी से पहले बचे कार्यों को पूरा करे।

## कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को चुनाव प्रचार के दौरान मिल रहा जनसमर्थन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** दुर्ग लोकसभा के साजा एवं नवागढ़ विधान सभा का दौरा करते हुए कांग्रेश के लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने ग्राम मऊ, चंदुनू, मरका, खण्डसरा, रुआबाँधा जोन का दौरा किये जहाँ उनका जगह जगह स्वागत किया गया। क्षेत्र में पूर्व मंत्री द्वय रविन्द्र चौबे एवम जगत गुरु रुद्र कुमार पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा उपस्थित हुए।

दौरे के दौरान सभी नेताओं ने विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम, जिला पंचायत, नगर पंचायत, वार्डों एवं कांग्रेस के सभी विंग के अध्यक्ष को एकजुट होकर दुर्ग लोकसभा का चुनाव जीतने का संकल्प लिए। नेताओ ने कहा कि हमें कांग्रेस के 5 गारंटी की जानकारी लोगों तक पहुँचाना है। पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश में बहुत सी महती योजनाओं को लागू किया, किंतु वर्तमान सरकार ने सारी योजनाएं बंद कर सामान्य जनता की मुश्किलें बढ़ा दी है।

उक्त अवसर पर बंशी पटेल, अध्यक्ष कांग्रेश कमेटी, सनतधर दीवान, शत्रुघन सिंह साहू, सुरेंद्र तिवारी, अयोध्या चंद्राकर दत्त जैजपुरी गोस्वामी, ईश्वरी साहू , कैलाश सोनी, ताराचंद भास्कर, सन्नी साहू,विजय बघेल, शशिप्रभा गायकवाड़,सोशीला जोशी, नेमा निषाद, लुकेश वर्मा, नंद साहू, वाय के डिंडोरी,टी आर जनार्दन, छोटेलाल साहू,दद्दू मार्कण्डे एवं सैकड़ों ग्रामीण ज़न उपस्थित थे। 30 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दुर्ग आगमन हो रहा है।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में स्वच्छता अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** बीएसपी द्वारा सभी को सफाई के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाडा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इस पखवाड़े में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में विशेष सफाई एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत 26 मार्च 2024 को रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल विभाग के कैन्टीन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष सफाई एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य महा प्रबंधक (आरएसएम एवं आरटीएस) टी दस्तीदार के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में सवर्प्रथम उपस्थित सभी व्यक्तियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गयी। इसके पश्चात रेल एवं स्ट्रक्चरल विभाग के कैन्टीन के आसपास सफाई की गयी। इस अवसर पर रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं ठेका श्रमिक उपस्थित थे। उपरोक्त आयोजन कार्मिक विभाग - मिल्स जोन - 2 के द्वारा किया गया।

घर एवं आसपास के स्थानों में साफ-सफाई रखने के साथ साथ कार्यस्थल को भी साफ रखना अति अवशयक है। इसी के महत्व को बताने और कर्मचारियों को जागरूक करने हेतु भी समय समय पर इस तरह के स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कर्मचारियों के बीच सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने और ''शून्य दुर्घटना'' के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी स्वच्छता का विशेष महत्व है। जिसके लिए विशेष सफाई अभियान के तहत जोखिम मुक्त कार्यक्षेत्र का परिवेश बनाने हेतु विभाग द्वारा हाउस कीपिंग भी की गई।

हाउस कीपिंग के माध्यम से स्क्रैप और अवांछित सामग्रियों की सफाई की गई। जिसके परिणामस्वरूप काम करने के लिए सुरक्षित माहौल और बेहतर जगह तैयार हुई है। इन प्रयासों के माध्यम से ही हम स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

अपने घरों के साथ-साथ अपने कार्य स्थल एवं आसपास को साफ सुथरा रखकर हम सभी सफाई अभियान को सार्थक बना सकते हैं। स्वच्छता की आवश्यकता सर्वोपरि मानकर कार्य करें तथा स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल कर अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

# राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ, देशभर से 250 खिलाड़ी हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के इस्पात नगरी भिलाई में आज से 30 मार्च तक राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया. राष्ट्रीय योग फेडरेशन ऑफइंडिया से मान्यता प्राप्त चतुर्थ सब जूनियर, जूनियर एंड सीनियर गर्ल्स, बॉयस राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियन का आयोजन एवं छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ व योग लंगर भिलाई के तत्वाधान में परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती की स्मृति में भिलाई में किया गया.

राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित असम, त्रिपुरा, नागालैंड, तमिलनाडू, केरल, दिल्ली ओड़िशा, देश भर के विभिन्न राज्यों से लगभग 250 खिलाड़ी व 50 अधिकारी



शामिल हुए. राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ बी एस पी ऑफिसर्स असोशियेशन अध्यक्ष नरेंद्र बन्छोर ने किया.इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑफिसर्स असोशियेशन अध्यक्ष नरेन्द्र बन्छोर ने कहा कि इस्पात नगरी भिलाई में देश भर से आये हुए खिलाड़ियों का स्वागत अभिनंदन है. इस्पात नगरी भिलाई को मिनी इंडिया के रूप में जाना जाता है, लेकिन भिलाई को इस्पात और शिक्षा के रूप में भी विशेष पहचान मिली है. बी एस पी असोशियेशन अध्यक्ष नरेंद्र बन्छोर ने कहा कि योग समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का एक साधन व साध्य है. इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारी भावी पीढ़ी को योग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है. जिस प्रकार देश में बाकी सभी खेल प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहित किया जाता है. उसी प्रकार योग प्रतियोगिता को भी बड़े संस्थानों प्रोत्साहित करे और समर्थन व प्रसार आगे आये। ताकि देश भर खिलाड़ियों के द्वारा एक नया प्लेटफार्म मिले। राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता भिलाई से एक संदेश जायेगा , प्रतियोगिता भाग ले रहे खिलाड़ियों में एकता और समझ की भावना पैदा करेगा, जो देश के विभिन्न हिस्सों ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से प्रतियोगिता भाग लेने आये है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राधे बाजपेई ने कहा योग स्वस्थ्य आदतों और जीवन शैली को विकसित करके शारीरिक फि टनेस, मानसिक सतकर्ता और भावनात्मक स्थिरता में सुधार करने में मदद करता है। राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिता में शामिल होने आये राष्ट्रीय योग स्पोर्ट्स फेडरेशन के सरक्षक योग शिरोमणि डॉक्टर गोपाल जी ने कहा कि। मनुष्य का जीवन अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और तनावपूर्ण हो गई है, लेकिन योग के अभ्यास से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण होगा।

उन्होंने आगे कहा कि इस प्रतियोगिता से चयनित योग खिलाडी एशिया व अंतर्राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप भाग लेंगे. और योग खेल प्रतियोगिता वरियता के आधार पर पदक और नौकरी में सम्मान मिलेगा। राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिता शामिल होने आये खिलाड़ियों के द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाले योग मुद्रा प्रदर्शन किया।

# नगर निगम अधिकारी, कर्मचारियों ने मतदाताओं को प्रोसाहित करने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लोक सभा निर्वचन 2024 के लिए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए कलेक्टर व निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर जिला प्रशासन एडीएम अरविन्द्र एक्का एवं नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता द्वारा निगम अधिकारी व कर्मचारियो सहित लोगो को संकल्प लेते हुए हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये ये शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे की शपथ दिलाई गई। इसी कड़ी में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,तहसीलदार प्रफुल्ल




गुप्ता,उपायुक्त मोहेंद्र साहू,कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता आरके पालिया,जितेंद्र समैया,भवन अधिकारी गिरीश दीवान,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के अलावा समस्त निगम अधिकारी कर्मचारियो ने रैली के दौरान कर्मियों ने अपने हाथों में तख्ती पकड़े हुए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लिखे हुए थे।मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो।।बनो देश के भाग्य विधाता। अब जागों प्यारे मतदाता।जन - जन की पुकार हैं।वोट देना हमारा अधिकार है।वोट डालने जाना हैं।

का उद्घोष किया।जिसके तहत निगम सीमा क्षेत्र में पैदल रैली का आयोजन किया गया। गुरुवार को 10,30 बजे निगम कार्यालय से गांधी प्रतिमा से होते हुए न्यू बस स्टैंड होकर चर्च के समाने से रवि शंकर स्टेडियम में रैली पहुंची। जहां वाहनों को एकत्र कर स्वीप अक्षर का आकार देकर वाहनों से बनाया गया आकृति आकर्षण का केंद्र रहा ।

मतदाता जागरूकता के लिए इसी कड़ी में दुर्ग निगम में मतदाता जागरूकता के लिए विशाल पैदल रैली निकाली गई।शहर की प्रमुख सड़कों से निकली रैली का उद्देश्य आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए शत प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया गया।मतदान के प्रति अपनी आस्था रखते हुए मताधिकार का निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण उपयोग करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत अपने मताधिकार का निश्चिंत रूप से उपयोग करने एवं हर वर्ग के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर निगम के कर्मियों एवं लोगो को एक वोट का महत्व बताते हुए सभी को वोट देने हेतु प्रेरणा स्वरूप संदेश का वाचन किया गया।

पुरैना के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

# निर्माण कार्य बारिश के पहले हो पूर्ण, सफाई पर दे विशेष ध्यान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा निगम मुख्य कार्यालय से 25 किलोमीटर दूर पुरैना पहुंची। तीन वार्ड में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण की। वहा चल रहें निर्माण कार्य को बारिश के पहले पूर्ण कराने निर्देश दिए।**



मार्निंग विजिट के तहत निगम आयुक्त मोनिका वर्मा वार्ड 38,39 और 40 के तहत भ्रमण की। मंगल भवन, स्कूल परिसर में चल रहे अतरिक्त कक्ष निर्माण का अवलोकन किया। अभियंता को निर्देश दिए कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। तीनों वार्ड में चल रहे निर्माण कार्य को 15 जून के पहले पूर्ण करने कहा। आयुक्त ने निर्देश दिए कि कार्य में लापरवाही बरतने वालो पर कार्यवाही की जाएगी।

### मतदान केंद्र का की निरक्षण

पुरैना में लगभग 9 हजार की आबादी है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्कूल भवन में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण की। निर्देश दिए कि केंद्रों में लेखन कार्य, बिजली, पानी और वाशरूम की व्यवस्था शीघ्रता से पूरा किया जाए।

### प्रकाश व्यवस्था ठीक करे

इस दौरान आयुक्त ने शौचालय समेत , वार्ड की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने स्टोर पारा में निर्माण धीन मंगल भवन के सामने कचरा फैले देख जल्द सफाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रकाश व्यवस्था की जानकारी लेते बंद स्ट्रीट लाइट को चालू करने कहा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950